वह जो हिस्सा बनकर अस्तित्व में है. वह उसमें ओझल हो जाएगा जो उसे तैयार करता है; बल्कि वह उसमें रूपांतरित होकर फलदायक सिद्धांत के रूप में वापस मिलेगा.

अनेक एक ही वेदी पर सुगंध को पाते हैं; कुछ पहले, और कुछ बाद में; परंतु इससे कुछ फर्क नहीं पड़ता है.

दस दिन के अंदर तुमको उनमें देवता दिखने लग जाएंगे जो अभी तुम्हें बंदर या जंगली दिख रहे हैं, यदि तुम सिद्धांतों पर वापस आ जाओ और उद्देश्य के लिए पुजा करो.

ऐसे व्यवहार नहीं करो की तुम्हें दस हजार साल तक रहना है. मृत्यु कभी भी आ सकती है. जब

www.PDFshala.com

तक तुम जीवित रहो, यह तुम्हारे अधिकार में है की अच्छे बने रहो.

वह कितनी परेशानियों से बच जाता है जो इस पर ध्यान नहीं देता की उसका पड़ोसी क्या कहता है, या सोचता है या करता है, बल्कि केवल उस पर जो वह खुद से करता है, वह जो न्यायसंगत और शुद्ध हो; या जैसे एगेथोन कहते हैं, दूसरों के भ्रष्ट आचरण की तरफ न देखो, बल्कि सीधी रेखा में चलते रहो बिना उससे विचलित हुए.

जिसमें मरने के बाद के लिए भी प्रसिद्धि अर्जित करने की प्रबल इच्छा है वह यह विचार नहीं करता है की जो उसे याद रखेंगे वह भी जल्द ही मारे जाएंगे; उसके बाद वह भी जो उनकी जगह आएंगे, जब तक की सारी यादें खत्म न हो जाएं जैसे कि वह प्रेषित होती है उस आदमी से जो मूर्खतावश स्वीकार करता है और स्तुति करता है. परंतु कल्पन करो जो याद रखें वह अमर रहें, और उनकी याद भी अमर रहे, तब भी वह उनके लिए क्या होगी? और मैं यह कहता हूँ की क्या मृत्यु के लिए है, बल्कि क्या जीवित के लिए है? स्तुति क्या है इसके अतिरिक्त की उसका कुछ उपयोग है? इसलिए तुम स्वभाव के इस उपहार को, किसी और को पकड़ा कर अस्वीकार कर दो.

कोई भी चीज जो किसी तरह से सुंदर है वह खुद में सुंदर है, उसका कोई हिस्सा अपने लिए स्तुति नहीं चाहता है. न तो इससे खराब और न ही कुछ इससे बेहतर स्तुति से हो सकता है. मैं इसे उन चीजों के लिए भी सुनिश्चित करता हूं जिन्हें अशिष्ट द्वारा भी सुन्दर कहा जाता है, उदाहरण के लिए, भौतिक चीजें और कलाकार के काम. वह जो वास्तव में सुंदर हैं उन्हें किसी की जरूरत नहीं हैं; कानून की नहीं, सत्य की नहीं, परोपकार या विनम्रता की नहीं. इन में से कौन-सी चीज सुंदर है क्योंकि इसकी स्तुति की जाती है, या दोष देकर खराब कर दी जाती हैं? क्या कोई चीज जो कि पन्ना है वह उससे बदतर कर दी जाती है जितनी की वह थी, यदि उसकी स्तुति नहीं की जाती हैं? चाहे वह सोना, हाथी दाँत, वीणा, छोटा चाकू, एक फूल, एक झाड़ी ही क्यों न हो?

यदि आत्मा निरंतर अस्तित्व में हैं, तब कैसे वायु उन्हें अनंतकाल से धारण किए हुए हैं? – बल्कि कैसे पृथ्वी उन लोगों के शरीर को धारण किए हुए है जो कि लंबे समय पहले मर चुके हैं? क्योंकि कुछ समय के बाद शरीर का विघटन होने लगता है, चाहे कैसा भी वह हों, और उनका विघटन अन्य शरीरों के लिए जगह बनाता है; इसी तरह से आत्मा कुछ समय तक वायु में बने रहने के बाद विघटित हो जाती है और ब्रह्मांड में समा जाती है, जिससे की वह नई आत्म को स्थान दे सके जो अस्तित्व में आना चाहती है. और यह वह जवाब है जो आदमी आत्म की परिकल्पना के लिए दे सकता है जो निरंतर अस्तित्व में रहती है. बल्कि हम न केवल उन शरीरों के बारे में सोचें जो मारे जा चुके हैं, बल्कि उन जानवरों के बारे में भी जो कि दूसरे जानवरों द्वारा और हमारे द्वारा रोज खाए जाते हैं. कितनी संख्या खप जाती है, और अनेक मारे जाते हैं जो उन पर निर्भर होते हैं! और फिर भी यह धरती उन्हें ग्रहण करती है उस कारण से कि वह बदल सके इन शरीरों को खून में, और रूपांतरण कर सके जीवित प्राणियों या ज्वलंत तत्वों में.

इस मसलें की खोजबीन में सत्य क्या हैं? एक विभाजन जो कि पदार्थ है और वह जो एक आकार

www.PDFshala.com

ले लेता है?

चक्कर न लगाएं, बल्कि हर पल न्याय के लिए सम्मान हो, और प्रभावित करने के हर अवसर पर समझ को बनाए रखें.

हर चीज मेरे सामंजस्य में है, जो ब्रह्मांड के सामंजस्य में है. कुछ भी मेरे लिए बहुत जल्दी या बहुत देर से है, जो उनके लिए उचित समय है. हर चीज मेरे लिए फल है जो मौसम मेरे लिए लेकर आता है, हे प्रकृति: क्योंकि उससे ही सभी चीजें हैं, उसमें ही सभी चीजें हैं, उसी को सभी चीजें वापस जाती हैं. यह कवि कहता है, मेरे प्रिय सिरोस शहर; और वह कहा सकता है मेरे प्रिय जियुस शहर?

यदि शांति से रहना चाहते हो, अपने के कुछ ही चीजों से व्यस्त रखो, यह दार्शनिक कहते हैं. बल्कि इस पर विचार करें की यह कहना बेहतर होगा, वह करो जो जरूरी है, और जो प्राणी के लिए स्वाभाविक आवश्यकता के लिए कारण हो, और जैसे उसकी जरूरत हो. क्योंकि शांति केवल तभी नहीं मिलती है जब बेहतर करते हैं, बल्कि जब कम चीजों को करते हैं. क्योंकि जो कुछ भी हम कहते हैं और करते हैं उसका अधिकांश हिस्सा अनावश्यक होता है, यदि आदमी इस रास्ते पर चले, उसके पास ज्यादा स्वतंत्रता और कम बेचैनी होगी. हर अवसर के अनुसार आदमी खुद से पुछे, क्या यह अनावश्यक चीजों में से तो नहीं हैं? इस तरह आदमी न केवल अनावश्यक कृत्यों से दूर होगा, बल्कि अनावश्यक विचारों से, इस तरह जरूरत से ज्यादा काम परेशान नहीं करेंगे.

कोशिश करें कैसे अच्छे आदमी का जीवन तुम्हारे लिए उपयुक्त हो सकता है, उसका जीवन जो अपने हिस्से से संतुष्ट है, अपने न्याय संगत कृत्यों से और उदार स्वभाव से संतुष्ट है.

क्या तुमने उन चीजों को देखा हैं? उनकी तरफ भी देखें परंतु खुद को परेशान न करें. अपने स्वयं को सरल बनाएं. यदि कोई गलत करता है? वह खुद से भुगतेगा कि उसने क्या गलत किया. क्या कुछ उसके साथ हो गया है? बहुत अच्छा; ब्रह्मांड का हिस्सा होने के कारण वह उसके ताने बाने में बंधा है. दूसरे शब्दों में, जीवन छोटा है. अपने को उचित कारण और न्याय की मदद से वर्तमान में बनाए रखें. आराम के साथ शांत रहें.

चाहे यह ब्रह्मांड व्यवस्थित हो या अशांत, तब भी यह ब्रह्मांड है. तब क्या निश्चित व्यवस्था उसमें बनी रहे, और अव्यवस्था सभी में? और यह तब भी जब सभी चीजें इतनी अलग-अलग और बिखरी हुई और सहानुभूति पूर्ण हों. एक स्याह चरित्र, जिद्दी चरित्र, वहशी, जानवर, मूर्ख, नकली, अपमानजनक, धोखेबाज, निरंकुश.

वह जो ब्रह्मांड से अंजान है यह नहीं जानता क्या उसके अंदर है, उससे ज्यादा अंजान नहीं जो यह नहीं जानता क्या उसमें चल रहा है. वह भगोड़ा है, जो सामाजिक कारण से भाग खड़ा हुआ है;

www.PDFshala.com

वह अंधा है, जिसने कुछ न समझने के लिए आंखें बंद कर ली हैं; वह गरीब है, जिसे दूसरे की जरूरत है, और जिसके पास अपना कुछ भी नहीं है जो कि जीवन के लिए जरूरी है. वह एक घाव है जिसने अपने को चीजें जो हो रही हैं उनसे नाखुश होकर प्रकृति के आम उद्देश्यों से अलग कर लिया है, क्योंकि उसी प्रकृति ने यह पैदा किया है और उसी ने उसे पैदा किया है: वह राज्य का अलग-थलग हुआ हिस्सा है, जिसने अपनी आत्मा को रोष से तर्कसंगत प्राणी से पृथक कर लिया है, जो कि वह है.

एक दार्शनिक है बिना कपड़ों के, और दूसरा बिना किताब के; और अन्य आधा नंगा: मेरे पास रोटी नहीं है, वह कहता है, और मैं कारण को लेकर जीता हूँ. और जो मैंने सीखा है उससे मुझे जीने का उद्देश्य नहीं मिलता है, और मैं खुद के उद्देश्य को लेकर जीता हूँ.

खुद से प्यार करें, चाहे कितने भी गरीब हों, जिसे तुम सीखो और उससे सहमत रहो; और बाकी के जीवन को उस तरह से बिताओ जो देवताओं पर विश्वास करता है, अपने को न तो निरंकुश और न ही किसी आदमी का गुलाम बनाते हुए.

वेस्पेसियन के समय से विचार करो. तुम लोगों में सभी चीजों को देखते हो, शादी, बच्चों का पालना, बीमारी, मरना, लड़ना, खाना, तस्करी, खेती, चापलूसी, पूर्णतः अभिमानी, शक्की, साजिश रचने वाले, दूसरों के लिए मृत्यु को चाहने वाले, वर्तमान को लेकर जुआ खेलने वाले, धन का ढेर लगाने वाले, पद की चाहत, राजसी ताकत. तब बहुत अच्छा, लोगों का यह जीवन बहुत समय तक अस्तित्व में नहीं रहता है. फिर से, तब इस समय को हटा दो. फिर से, सभी कुछ समान होगा. उनका जीवन भी समाप्त हो जाएगा, इसी तरह से समय के अन्य कालों को और संपूर्ण राष्ट्रों को देखें, और देखें कैसे अनेक महान प्रयास शीघ्र नष्ट हो जाते हैं और तत्वों में विघटित हो जाते हैं. बल्कि मुख्यतः तुमको उनके बारे में सोचना चाहिए जो खुद से खुद का ध्यान भंग निष्क्रिय चीजों के लिए करते हैं, उसकी उपेक्षा करते हैं जो कि उनके स्वभाव के अनुकूल है, और इसे मजबूती से पकड़ कर रखते हैं और इससे सहमत रहते हैं और यहां यह याद रखना जरूरी है हर जिस चीज पर ध्यान दिया जा रहा है उसका उचित मूल्य और अनुपात हो. तब तुम्हें असंतुष्ट नहीं होना चाहिए, यदि तुम अपने को छोटे मसलों में लगाते हो जो तुम्हारे अनुकूल नहीं होते हैं.

शब्द जिनसे कभी परिचित हुआ करते थे अब वह भूला दिए गए हैं: और नाम जो कभी मशहूर होते थे, अब भूले जा चुके हैं, कमीलस, सेसो, वोलसीस, लियनेटस, और उसके थोड़ा बाद सीपियो, और किटो भी, फिर आगस्तस, फिर हिडिया और ऐनटोनियस भी. जो चीज बीत चुकी होती हैं और एक किस्सा बन जाती हैं, और फिर पूरी तरह से भूला दी जाती हैं. और मैं इसे उनके लिए भी कहता हूं जिन्होंने अपने लिए शानदार मकबरे बनवाए. और बाकी के लिए भी जैसे ही उन्होंने अपनी साँस छोड़ी, कोई आदमी उनके बारे में बात नहीं करता है. और सार यह है की अविनाशी भी याद नहीं रखे जाते हैं? जैसे वह कुछ नहीं थे. तब हम किस चीज के लिए अपनी गंभीरता को दिखाएं? केवल इसी एक चीज के लिए कि न्याय संगत रहें, और सही कृत्य करें और वह शब्द कहें जो कभी असत्य न हो, और स्वभाव जो तैयार रहे जो कुछ भी हो रहा है उसे

www.PDFshala.com

स्वीकार करने को, अमूमन, जैसे वह एक ही स्रोत और सिद्धांत से प्रवाहित हो रहा है. अपने विश्वास को विश्वास की देवी क्लोथो को समर्पित कर दो, उन्हें अनुमति दो की वह तारों को खींचे उसी तरह से जैसे वह चाहें.

हर चीज केवल एक दिन के लिए होती है, दोनों वह जो याद रखती है और वह जो याद रखी जाती हैं.

निरंतर अवलोकन करें की हर चीज बदलाव के बाद ही अस्तित्व में आती है, और अपने को अनुरूप बनाएं इस पर ध्यान देने के लिए कि ब्रह्मांड की प्रकृति सबसे ज्यादा जिसे चाहती है वह चीजों को बदलना है उससे जैसी वह हैं और उनकी तरह से नई चीजों को बनाना है. हर चीज जिसका अस्तित्व है एक तरह से बीज है किसी अन्य चीज के भविष्य में होने का. जबकि तुम सोचते हो केवल उस बीज के बारे में जो धरती में या कोख में बोया जाता है; परंतु यह दिग्भ्रम है.

तुम भी जल्दी मारे जाओगे, और कोई अन्य चीज भी इससे परे नहीं है, और न ही संदेह के बिना रहो कि बाहरी चीज चोट नहीं दे सकती है, और न ही सभी के प्रति झुकाव रखो; और न ही अपनी प्रज्ञा को अलग करो कृत्यों के करते समय. आदमी पर शासन करने वाले सिद्धांतों का परीक्षण करो, उनका भी जो ज्ञानी हैं, किस तरह की चीजों से वह बचते हैं, और किस तरह की चीजों को वह आगे बढ़ाते हैं.

क्या तुम में बुराई है की दूसरों के स्थापित सिद्धांतों को स्वीकार नहीं करते हो; किसी भी मोड़ पर और परिवर्तन में. तब वह कहां है? वह तुम्हारे उस हिस्से में हैं जो उस ताकत को स्वीकार करता है जो बुराई के बारे में राय बनाती है. तब यह ताकत इस तरह की राय को न बना सके और सभी कुछ सही होगा. और यदि जो उसके निकट होगा, बेचारा शरीर, वह जल जाएगा, मसलों और सड़न से भर जाएगा, तब कभी भी वह हिस्सा जो इन चीजों को लेकर राय बनाता है शांत रहे, अर्थात, वह परीक्षण करे कि कुछ भी न तो बुरा है या अच्छा है जो समान रूप से बुरे और अच्छे आदमी को हो सकता है. वह जो समान रूप से उसे हो सकता है, जो कि प्रकृति विपरीत रहता है और उसे जो प्रकृति के अनुरूप, वह न तो प्रकृति के अनुरूप है और न ही प्रकृति के विपरीत है.

निरंतर ब्रह्मांड को एक जीवित प्राणी की तरह से देखें, जिसका एक शरीर और एक आत्मा है; और अवलोकन करो सभी चीजों की कैसे एक ही धारणा है, धारणा इस एक जीवित प्राणी की; और कैसे सभी चीजें एक पल में कृत्य करती हैं; और कैसे सभी चीजें सहयोग का कारण हैं जो अस्तित्व में हैं; अवलोकन करो धागे की निरंतर कताई का और जाले के गुथने का.

बदलाव के बारे में अपनी आत्मा को तैयार करो, जैसे इपिकेटुस कहते हैं. इसमें चीजों के लिए कोई बुराई नहीं है की वह बदलाव से गुजरें, और चीजों के लिए अच्छा नहीं हैं की वह बदलाव के परिणाम से परे रहें.

www.PDFshala.com

समय नदी की तरह है जो उन घटनाओं से बना है जो हो चुकीं है, और बहती हुई धारा है; जैसे ही चीजें दिखती हैं उन्हें ले जाया जाता है, और दूसरी उसकी जगह ले लेती है, और फिर उसे भी ले जाया जाता है.

हर वह चीज जो घटित हो चुकी है उससे वाकिफ हैं और गुलाब की तरह बसंत में और फलों की तरह गर्मी में जानी पहचानी है; उसी तरह बीमारी और मौत, और अपयश, और धोखा, और वह कुछ भी जो मूर्खों को खुश करता है और उन्हें चिंतित करता है.

चीजों की श्रृंखला में जो कि अनुगमन करती है वह उनके अनुरूप होती है जो पहले जा चुकी हैं; यह श्रृंखला केवल गणना नहीं है असंबद्ध चीजों की, जिनकी आवश्यक श्रेणी है, बल्कि तर्कसंगत संबंध: और जैसे सभी अस्तित्व की चीजें सम स्वर में व्यवस्थित की जाती है, उसी तरह से चीजें जो अस्तित्व में आती हैं और न केवल उत्तराधिकार का प्रदर्शन करती हैं, बल्कि निश्चित भव्य संबंध का.

हमेशा हेराक्लीटस के शब्दों को याद रखें, धरती की मृत्यु होने पर पानी बनता है, और पानी की मृत्यु होने पर वायु, और वायु की मृत्यु होने पर अग्नि, और इसका विपरीत भी. और उसके बारे में भी सोचो जो भूल जाता है की किस दिशा में वह जा रहा है, और वह आदमी उससे भी लड़ता है जिसके साथ उसका निरंतर संवाद होता है, कारण जो ब्रह्मांड को शासित करते हैं; और चीजें जिनसे वह रोजाना मिलता है वह उसे अजनबी दिखती हैं; और विचार करो की हम उस तरह से न तो कृत्य करें या बोले जैसे हम सो रहे हैं, और नींद में भी हम संयम से हों; और हम उस बच्चे की तरह से न हों जो अपने माता-पिता से सीखता है, कैसे बोलें और कृत्य करें जैसे हमें सिखाया गया है.

यदि कोई देवता तुम से कहता है की तुम कल मारे जाओगे, या परसों निश्चित ही, तुम्हें इसकी ज्यादा चिन्ता नहीं करनी चाहिए की यह कल होगा या परसों, जब तक आप इस उच्च अंश में उत्साह से जीते हो की कितना भी यह अंतर हो? इससे कोई फर्क नहीं पड़ता की आप अनेक सालों के बाद मरें या कल ही.

निरंतर सोचते रहें की कितने चिकित्सक बीमार को ठीक करते हुए मारे गए; और कितने ज्योतिष दूसरों की मृत्यु की व्याख्या करते हुए; और कितने दार्शनिक मृत्यु और अमरता की अनंत बहस करते हुए; कितने वीर हजारों को मारते हुए; और कितने निरंकुश जिन्होंने अपनी ताकत का प्रयोग भयानक बदतमीजी करते हुए किया जैसेकि वह अमर हैं; अनेक शहर अंततः पूरी तरह मृत्यु के आगोश में गए, जिनके बारे में कहा जाता है- हेलिस या पोम्पी और हरक्लीनीयो, और अन्य असंख्यक. इस गणना में जोड़ते जाएं उन सभी को जिन्हें आप एक के बाद एक जानते हैं. एक आदमी दूसरे को जलाने के बाद खुद मृत्यु को प्राप्त होता है, और दूसरे उसे जलाते हैं; और यह सभी थोड़े से समय में होता है. सार यह है, की कितना अल्पकालीन और व्यर्थ मानव शरीर है, कल तक जो बेलगाम था, और कल वह राख में बदल जाएगा. इसलिए इस

www.PDFshala.com

थोड़े से समय को प्रकृति के साथ विनम्रता से गुजारो, जैसेकि अंजीर टपक पड़ता है जब वह पक जाता है, प्रकृति की स्तुति करें जिसने इसका निर्माण किया है, और उसे धन्यवाद दो जिस पर वह उगा है.

उस रास की तरह से बनो जिससे लहरें टकरा कर खत्म हो जाती हैं, परंतु वह स्थिर खड़ा रहता है और अपने चारों तरफ के पानी को वश में रखता है.

मैं दुःखी हूं क्यों यह मेरे साथ हुआ है. ऐसा नहीं है, बल्कि मैं हूँ, क्योंकि यह मेरे साथ हुआ है, क्योंकि मैं दर्द से निरंतर मुक्त रहना चाहता हूँ, न तो वर्तमान से और न ही भविष्य से परास्त होना चाहता हूं. क्योंकि इस तरह की चीज हर आदमी के साथ हो सकती है; परंतु हर दर्द से ऐसे अवसर पर मुक्त नहीं रह जा सकता है. तब क्यों यह दुर्भाग्य है जबकि यह सौभाग्य हो सकता है? और जिन सभी कारणों को तुम आदमी का दुर्भाग्य कहते हो, क्या यह मानव स्वभाव से विचलित होना नहीं है? और क्या चीजें तुम्हें मानव स्वभाव से विचलित होती नहीं दिख रहीं, जब वह मानव स्वभाव की इच्छा के विपरीत नहीं हैं? बहुत अच्छा तब प्रकृति की इच्छा को जानो. क्या तब यह जो हुआ है हमें नहीं रोकता न्याय संगत, उदार, दूरदर्शी होने से, सुरक्षित करता है विचारशून्य राय और झूठ से; क्या यह तुम्हें विनम्र और स्वतंत्र होने से रोकता है, जिसकी उपस्थिति में आदमी की प्रकृति वह पाती है जो खुद उसका है? यह सिद्धांत हर उस अवसर पर याद रखें जब कुछ तुम्हें गुबार की तरफ लेकर जाए: यह दुर्भाग्य नहीं है, बल्कि इसे भले मानस की तरह सहन करना अच्छा सौभाग्य है.

यह अशिष्ट है, परंतु तब भी उपयोगी मदद है मृत्यु की अवमानना करने में, उनकी समीक्षा करने में जो मजबूती से जीवन को पकड़े हुए हैं. क्या उन्होंने उनसे ज्यादा अर्जित कर लिया जो पहले मारे गए? निश्चित ही वे अपनी कब्र में अंततः पड़े हैं, क्डेसिनियस, फेबीयस, ज्यूलिनस, लेपीनस, या कोई भी दूसरा उनकी तरह से, जिनमें से अनेक ने उनको दफन किया, और फिर खुद को दफन कराया. जबकि जन्म और मृत्यु का अंतराल छोटा है; और विचार करो कितनी परेशानी से, और किस तरह के लोगों के साथ रह कर और कितने कमजोर शरीर के साथ यह अंतराल निकल जाता है. तब जीवन को किसी तरह की कीमती चीज न समझो. इससे आगे के समय की विशालता को देखो और जो समय इससे पहले था, दूसरा असीम काल. और इस अनंत में तब क्या अंतर है उसमें जो तीन दिन रहता है और जो तीन पीढ़ी रहता है?

छोटे रास्ते पर चलें; और छोटा रास्ता प्राकृतिक है; इसी तरह से हर चीज जो कहें या करें उसे उचित कारण के साथ करें. क्योंकि ऐसी चीजें आदमी को परेशानी से, लड़ाई से, सभी दिखावट से और चालाकी भरे प्रदर्शन से दूर रखती हैं.

www.PDFshala.com

अध्याय- 5

जब सुबह के समय तुम अनिच्छा से उठते हो, तब यह विचार तुम्हारे सामने हो- मैं मानवता के लिए काम करने के लिए उठ रहा हूँ. तब क्यों में असंतुष्ट रहूं यदि मैं वह चीजें करने जा रहा हूं जिसके लिए मेरा अस्तित्व है और जिसके लिए मुझे इस संसार में लाया गया हैं? या मुझे इसके लिए बनाया गया है की मैं बिस्तर पर पड़ा रहूं और खुद से आराम करता रहूं? – क्या ज्यादा सुखद है.- मैं आनंद से सोता रहूं, और कोई काम या मेहनत नहीं करूं? क्या मैं छोटे पौधों को, छोटे पक्षियों को, चींटियों को, मकड़ी को, मधुमक्खी को काम करते हुए नहीं देखूं जो अपने हिस्से के काम को कर रहे हैं? और क्या मैं अनिच्छा से इंसान के काम करूं, और वह न करने की जल्दबाजी न करूं जो कि प्रकृति के अनुसार हैं? – परंतु आराम करना भी जरूरी है. – यह जरूरी है: परंतु प्रकृति ने इस पर भी बंधन निश्चित किया है: उसने खाने पर और पीने पर भी बंधन निश्चित किया है, और जो इन बंधनों के परे जाता है, उससे परे जो पर्याप्त है; परंतु कृत्यों में ऐसा नहीं है, बल्कि उस पर नियंत्रण रखो जिसे तुम नहीं कर सकते हो. यदि तुम खुद को प्यार नहीं करते, तो तुम प्रकृति को प्यार करो उसकी इच्छा से. बल्कि वह जो अपनी भिन्न कलाओं से प्यार करते हैं, अपने को काम में खपा देते हैं बिना नहाए और बिना भोजन के; बल्कि वह अपने खुद के स्वभाव पर कम ध्यान देते हैं उसकी जगह वह अपनी कला को निखारते रहते हैं, जैसे नाचने वाला नाच को, या पैसे का प्रेमी पैसे को, या कलाकार अपनी कला को. और ऐसे आदमी जब बुरी तरह से चीजों से जुड़ जाते हैं, न तो खाने पर, और न ही सोने पर ध्यान देते हैं बल्कि उन चीजों में प्रवीण बनने में जिनको वह चाहते हैं. परंतु वह काम जो समाज के लिए जरूरी है उनकी निगाह में बेकार के या कम मेहनत के हैं?

कितना आसान है घृणा करने लगें और भूल जाए हर उस प्रभाव को जो परेशान करने वाला हो, या अनुचित हो, तुरंत सभी तरह की शांति के लिए.

हर काम और शब्द को परखो जो तुम्हारी प्रकृति के अनुकूल हो; और दोषारोपण से विचलित न हों जो दूसरे लगाते हैं, बल्कि यदि चीजें करने और कहने के लिए सही है, उन्हें व्यर्थ न समझो. उन लोगों के लिए जिनके अजीब सिद्धांत होते हैं और जो अजीब गतिविधि का अनुपालन करते है; उन चीजों पर तुम ध्यान नहीं दो, बल्कि सीधे चलो, अपने खुद के स्वभाव का और आम प्रकृति का अनुपालन करते हुए; और दोनों का रास्ता एक हो.

मैं उन चीजों के साथ चलता हूं जो प्रकृति के अनुसार होती है जबतक मैं गिर न जाऊं और सांस में उन तत्वों को ग्रहण करता हूं जिन्हें मैं रोज लेता रहा हूं, गिरता हूं उस धरती पर जिससे मेरे

www.PDFshala.com

पिता ने बीज को, और मेरी मां ने खून को और परिचारिका ने दूध को एकत्र किया था; जिससे मैंने अनेक सालो तक भोजन और पानी ग्रहण किया है; जो मुझे तब भी धारण करती है जब मैं उस पर अनेक बार अनेक कारणों से धमकी देता हूं और दुत्कारता हूं.

ऐसा कहा जाता है की आदमी उसकी बुद्धि की सराहना नहीं कर सकता है.- ऐसा ही हो; परंतु यहां अनेक चीजें ऐसी हैं जिसके बारे में तुम नहीं कह सकते हो, की मैं प्रकृति के द्वारा इनके लिए नहीं बना हूं. उन विशेषताओं को तब दिखाओ जो कि तुम्हारे अधिकार में हैं, गंभीरता, भारीपन, श्रम को महत्व, आनंद से बचाना, थोड़ी चीजों से संतुष्ट होना, परोपकार, स्पष्टता, दिखावे से प्यार न होना, छोटापन से आजादी, उदारता. तुम नहीं देख सकते की कितनी विशेषताएं तुम तुरंत प्रदर्शित कर सकते हो, जिसमें किसी भी तरह बहाना कुदरती अक्षमता का और उपयुक्त नहीं होने का नहीं चल सकता है, और फिर भी तुम अपनी क्षमता का प्रदर्शन नहीं करते हो? या खुद से खराब बने रहकर बुदबुदाना चाहते हो, और कंजूस बनना चाहते हो, और चापलूस और गरीब शरीर में दोष खोजना चाहते हो, और आदमी को खुश करना चाहते हो, और भव्य प्रदर्शन करना चाहते हो, और खुद के मन से अशांत रहना चाहते हो? नहीं, देवताओं द्वारा नहीं: बल्कि तुम्हारे जैसे शक्तिवान को यह चीजें काफी समय पहले से दी गई हैं. यदि वास्तव में तुम बदल नहीं सकते हो, समझने में धीमे या सुस्त, तब तुम खुद को इसके लिए भी तैयार करो, इसकी उपेक्षा नहीं करते हुए और न ही खुद की सुस्ती का आनंद लेते हुए.

1rrएक आदमी, जो दूसरों की सेवा करता है, वह अपने खाते में समर्थन को जोड़ने को तैयार रहता है. दूसरा जो वास्तव में यह नहीं कर रहा होता है, परंतु वह अभी भी अपने दिमाग में यह सोचता है की आदमी उसका कर्जदार है, और वह जानता है की उसने क्या किया है. तीसरा यह जानता ही नहीं है उसने क्या किया है, परंतु वह उस अंगूर की बेल की तरह से होता है, जो कुछ नहीं चाहती है इसके अतिरिक्त की वह रसदार फल उत्पन्न करें. जैसेकि घोड़ा जब दौड़ता है, यह कुत्ता जब सुरक्षा करता है, मधुमक्खी जब शहद बनाती है, उसी तरह से जब आदमी जो अच्छे काम करता है, वह दूसरों को नहीं बुलाता कि वे आएं और देखें, बल्कि वह अपने कामों को करता रहता है, जैसे अंगूर की बेल अगले मौसम में फिर से फल देने को तैयार रहती है. आदमी को भी इसी तरह से व्यवहार करना चाहिए बिना इसे निहारे?- हां- परंतु यह चीज जरूरी है, कि निगाह रखें की आदमी क्या कर रहा है; जिसके लिए कहा जा सकता है, यह सामाजिक प्राणी के लिए देखने की जरूरत है की वह समाज के हित में कार्य करें, और यह आशा रखे की उसके सामाजिक हिस्सेदार इसे देखें.- यह सत्य है क्या तुम कहते हो, परंतु तुम इसे अच्छी तरह से नहीं समझते कि क्या अभी कहा गया है: और इस कारण से तुम वह बन जाते हो जिनके बारे में मैं पहले कह चुका हूं, कि वह चाहे किसी कारण से गुमराह हों. परंतु यदि वह यह समझने की कोशिश करते हैं कहने का अर्थ क्या है जो कहा गया है, तब डरें नहीं की इस कारण से कि आप सामाजिक कर्म की अवहेलना करते हैं.

ऐथेंस के नागरिकों की प्रार्थना: वर्षा, वर्षा, हे जियुस, बरसो ऐथेंस के खेतों पर और जमीन पर.

www.PDFshala.com

वास्तव में हमें पूजा करने की कोई जरूरत नहीं, या हमें प्रार्थना सरल और भद्र तरीके से करनी चाहिए.

जैसे कि हमें समझना चाहिए जब यह कहा गया, कि एस्टोलोपियस ने सुझाव दिया की आदमी को घोड़े की तरह से व्यायाम करना चाहिए, या ठंडे पानी से नहाना चाहिए या बिना जूतों के चलना चाहिए; तब हमें यह समझना चाहिए की कब यह कहा गया, क्या ब्रह्मांड की प्रकृति इस आदमी को बीमारी या विकृति या धोखा, या कुछ इस तरह की अन्य चीज का सुझाव दे रही है, क्योंकि पहले मसले में यह सुझाव देना कुछ इसी तरह का है: उन्होंने उस आदमी को सुझाव दिया है जिससे की वह स्वस्थ बना रहे; और दूसरे मसले में इसका मतलब है: जो कुछ भी हर आदमी के साथ होता है, या उसके अनुकूल है, वह उस तरह से निर्धारित है जो उसकी प्रकृति के अनुकूल है. क्योंकि यह वह है जो मेरा मतलब है कि जब हम कहते हैं की चीजें हमारे अनुकूल हैं, जैसे कारीगर दीवार या पिरामिड के चौकोर पत्थर से कहते हैं, की वह अनुकूल हैं, जब वह उन्हें एक दूसरे के साथ जोड़ते हैं. क्योंकि उनके एक साथ होने पर सरसता होती है. और जैसे ब्रह्मांड सभी तरह के शरीरों से बना है जैसे की वह हैं, उसी तरह से सभी मौजूदा कारणों से नियति बनी हुई है जैसेकि वह हैं. और वह भी जो पूरी तरह से अंजान हैं समझ लें जो मेरा मतलब है, क्योंकि वह कहते हैं, यह अवश्य ही नियति द्वारा उस व्यक्ति के लिए निर्धारित किया गया होगा.- इसे तब लाया जाता है और उसके लिए निर्धारित किया जाता है. तब हम उन चीजों को ग्रहण करें, साथ ही उन चीजों को जिनका एस्टोलोपियस निर्धारण करते हैं. अनेक चीजों में उनके निर्धारण से असहमत हो सकते हैं, परंतु हम इसे अच्छे स्वास्थ की आशा के साथ स्वीकार कर लेते हैं. तब चीजों को स्वीकार करना और पाना, जिन्हें आम स्वभाव बेहतर मानता है, उन्हें तुम्हारे द्वारा उसी तरह से सही मानना चाहिए जैसे स्वास्थ के लेकर मान रहे थे. और इसलिए स्वीकार करें जो कुछ भी होता है, चाहे उससे असहमति दिखे, क्योंकि यह होता है ब्रह्मांड की चाहना से, और जियुस (ब्रह्मांड) की समृद्धि के लिए. क्योंकि यह किसी भी आदमी के साथ तब तक नहीं हो सकता है, जब तक वह संपूर्ण के लिए उपयोगी न हो. न ही किसी चीज की प्रकृति, चाहे जैसी भी हो, कुछ कर सकती है जो उसके निर्देश के अनुसार न हो. दो कारणों से तब सहमत होना सही है उससे जो तुम्हारे साथ हो रहा है: पहला, क्योंकि यह तुम्हारे लिए किया जा रहा है, और तुम्हारे लिए निर्धारित है, और उस तरह से की यह तुम्हारे संदर्भ में है, मूलतः बहुत प्राचीन कारण से है जो तुम्हारी नियति से जुड़ा हुआ है; और दूसरा, जो कुछ पृथक रूप से आदमी के पास आता है उस ताकत से आता है जो ब्रह्मांड के परिपूर्ण होने का कारण है, जो उसे निरंतर बनाए रखती है. क्योंकि संपूर्ण की अखंडता विखंडित हो जाएगी, यदि किसी चीज को अलग किया जाता है, जब तक वह उसके अधिकार में है. और यदि तुम अलग होते है, जब तक यह उसके अधिकार में है, जब तुम खुद से असंतुष्ट होते हो, और किसी चीज को अलग करने की कोशिश करते हो.

न तो निराश हो, न हतोत्साही, न असंतुष्ट, यदि आप सभी चीजों को सही सिद्धांतों के अनुरूप नहीं कर पा रहे हो; बल्कि जब तुम असफल हो, फिर से वापस आओ, और संतुष्ट रहो यदि उसका बड़ा हिस्सा मानव की प्रकृति के अनुरूप है, और उसे प्यार करो जो कुछ भी वापस आ रहा है; और दर्शन की तरफ वापस न जाओ जैसे वह तुम्हारी मालिक है, बल्कि उनकी तरह व्यवहार

www.PDFshala.com

करो जिनके पास पीड़ादायक आंखें हैं और जो आप उस पर लेप लगाते हो या पानी की छीटे मारते हो. इस तरह से आप कारण की अवहेलना नहीं करते, और उसके अनुसार प्रक्रिया देते हो. और याद रखें दर्शन को केवल उन्हीं चीजों की जरूरत होती है जिसकी प्रकृति को जरूरत होती है; जबकि तुम्हारे पास वह चीजें भी होती हैं जो कि प्रकृति के अनुरूप नहीं हैं. इस पर आपत्ति हो सकती है, क्यों वह ज्यादा सहमति वाला है उससे जिसे मैं कर रहा हूं? परंतु क्या यह वह कारण नहीं है क्यों खुशी हमें धोखा देती है? और विचार करें यदि उदारता, स्वतंत्रता, सरलता, समभाव, साधुवाद, ज्यादा सहमति भरे नहीं हैं. वह जो खुद प्रज्ञा से ज्यादा सहमति भरा है, जब तुम विचार करते हो बचाव पर और सभी चीजों में खुशी पर जो कि निर्भर होता है समझने और जानने की क्षमता पर?

चीजें इस तरह से आवरण में ढकी होती हैं की वह दार्शनिक दिखती हैं, कुछ कम नहीं और न ही आम दार्शनिक, बल्कि दुर्बोध्य; न ही वैरागी जिन्हें वह खुद समझने में कठिन देखते हैं. और हमारी सभी स्वीकृति बदलने योग्य है; क्योंकि कहां है वह आदमी जो कभी बदलता नहीं है? बदल दे चीजों को लेकर विचारों को, और विचार करें की कितनी कम उम्र के वे हैं और व्यर्थ, और वे नीच, वेश्या या चोरों के कब्जे में हैं. तब उनकी नैतिकता की तरफ देखें जो इसके साथ रहते हैं, और उनकी सहना काफी कठिन है तब भी जब वह उनसे काफी सहमत हों, उस आदमी के लिए कुछ नहीं कहना जो खुद की सहन नहीं कर सकता हो. तब ऐसे अंधकार में और गंदगी में और स्थिरता में पदार्थ और समय दोनों का बदलाव, और चीजें जो चली गई हैं, क्या ऐसा विषय है जो बहुत कीमती हो या जिसके पीछे गंभीरता से लगा जाएं, जिसकी मैं कल्पना नहीं कर सकता हूं. बल्कि इसके विपरीत यह आदमी का कर्तव्य है की अपने को आराम दे, और प्राकृतिक समाधान का इंतजार करे और देरी होने पर झगड़े नहीं, बल्कि केवल इन सिद्धांतों पर टिका रहे; पहला, कुछ भी मेरे साथ नहीं हो सकता है जो कि ब्रह्मांड की प्रकृति के अनुरूप न हो; और दूसरा, यह मेरे अधिकार में है की मैं अपने देवताओं के विपरीत कृत्य न करूं: क्योंकि वहां कोई आदमी नहीं है जो मुझे इसके लिए मजबूर कर सके.

किस चीज के लिए अभी में अपनी आत्मा को व्यस्त रख रहा हूँ? हर एक अवसर पर मैं खुद से यह एक प्रश्न करता हूं, और परीक्षण करता हूं, की क्या मेरे उस हिस्से में चल रहा है जिसे वह शासन के सिद्धांत मानते हैं? और किस की आत्मा अभी मेरे अंदर है? बच्चे की, या युवक की, या कमजोर औरत की, या निरंकुश की, या घरेलू जानवर की, या जंगली जानवर की?

किस तरह की चीजें वह हैं जो अनेक को अच्छी लगती हैं, हम उससे भी सीख सकते हैं. क्योंकि यदि कोई व्यक्ति यह मानता है की कुछ चीज निश्चित ही अच्छी हैं, जैसेकि विवेक, संयम, न्याय, धैर्य, वह पहली कल्पना में इससे सहमत नहीं होना चाहेगा जो कि उससे सद्भाव में नहीं हैं जो वास्तव में अच्छी हैं. बल्कि यदि आदमी कल्पना करता है कि वह अच्छी चीज है जो दूसरों को अच्छी प्रकट होती है, वह सुनेगा और उन्हें उस तरह से ग्रहण करेगा जैसेकि हास्य लेखक द्वारा कही जाती हैं. अतः यदि अनेक भिन्नता को देखते हैं. जहां ऐसा नहीं है, ऐसा कहना अपराध नहीं है, उसे पहली बार में खारिज नहीं कर दिया जाएगा, बल्कि हम उसे ग्रहण करेंगे यदि वह दौलत

www.PDFshala.com

के बारे में कहता है, और उस अर्थ के बारे में जो आगे आराम और प्रसिद्धि दे. तब जाओ और पूछो यदि वह महत्व देते हैं और सोचते हैं उन चीजों को अच्छा, जिनको मन में पहली कल्पना के बाद हास्य लेखक ने उतारा है, जबकि शुद्ध बहुतायत इसको खुद से महत्व नहीं देना चाहती है.

मैं यथा रिती और पदार्थों से बना हूं; और इन में से कुछ भी ऐसा नहीं है जो नष्ट हों उसमें जिसका अस्तित्व न रहा हो, क्योंकि इनमें से कुछ भी अस्तित्व में नहीं उससे जिसका अस्तित्व नहीं रहा हो. मेरा हर हिस्सा विघटित हो जाएगा बदल कर ब्रह्मांड के किसी दूसरे हिस्से में, और फिर वह भी बदल जाएगा ब्रह्मांड के किसी हिस्से में, और इसी तरह से आगे. और इस बदलाव के परिणाम स्वरूप मेरा अस्तित्व है, और उनका भी जो मुझे लेकर आए हैं, और इसी तरह का अन्य दिशाओं में भी है. क्योंकि कुछ भी हमें यह कहने से रोक नहीं सकता है, तब भी जब ब्रह्मांड का संचालन क्रांति के सुनिश्चित कालों के अनुसार होता है.

कारण और कारण को जानने की कला (दर्शन) वह ताकत हैं जो खुद के लिए और खुद के काम के लिए पर्याप्त हैं. वह अपने पहले सिद्धांत का पालन करते हुए आगे बढ़ते हैं, और उस रास्ते पर चलते रहते हैं जो उनको प्रस्तावित किया जाता है; और यही कारण है कि क्यों ऐसे कृत्य को कैथोसिस (सही कृत्यों को उचित तर्कों के साथ करना) या सही कृत्य कहा जाता है, वह शब्द जो इंगित करता है की वे सही रास्ते पर चलें.

इनमें से किसी को भी आदमी का नहीं कहा जा सकता है, जो आदमी से संबंधी न हो, आदमी की तरह. वह आदमी की जरूरत नहीं है, और न ही आदमी का स्वभाव इसका वादा करता है, और न ही वह माध्यम हैं की आदमी की प्रकृति अपने अंत को प्राप्त कर ले. न ही आदमी का अंत इनमें समाहित है, और न ही वह जो इस अंत को पाने में मदद करते हैं जो कि अच्छा है. इसके अतिरिक्त, यदि इनमें से कोई भी चीज आदमी से संबंधी है, तो यह आदमी के अधिकार में नहीं है की वह इनसे घृणा करे और अपने को इनके विरूद्ध करे; न ही आदमी स्तुति के काबिल है जो यह प्रदर्शित करता है की इन चीजों की जरूरत नहीं है, और न ही जिसने अपने को समझा रखा है की इनमें से कोई अच्छी है, यदि वास्तव में यह चीजें अच्छी थी. बल्कि इनमें से जितनी ज्यादा चीजों से आदमी खुद को वंचित करता है, या अन्य उसके जैसी चीजों से, या यदि जब वह वंचित होता है, उतने धैर्य से वह नुकसान को सहता है, उसी अंश में जिसमें वह बेहतर आदमी है.

ऐसे उसके स्वाभाविक विचार हैं, ऐसा ही उसकी बुद्धि का चरित्र है; क्योंकि आत्मा विचारों से रंगी होती है. इसे तब निरंतर विचारों की श्रृंखला से रंगें जैसे कि; उदाहरण के लिए, जहाँ आदमी रह सकता है, वहाँ वह भी अच्छी तरह से रह सकता है. बल्कि वह महलों में भी रह सकता है;-तब बहुत अच्छा, वह अच्छी तरह से महलों में भी रह सकता है. और फिर, इस पर विचार करें जिस किसी उद्देश्य से हर चीज का निर्माण होता है, उसके लिए वह बनी है, और इसके लिए उसे आगे बढ़ना चाहिए; और उसका अंत उस उद्देश्य के लिए हो; और जहाँ उसका अंत है वहां फायदा है और सभी अच्छा है. तर्कसंगत प्राणी के लिए समाज का होना अच्छा है; यह कि हम समाज के लिए बने हैं. क्या यह सही नहीं है की निम्नतर का अस्तित्व उच्चतर की खातिर है? बल्कि वह चीजें

www.PDFshala.com

जिनमें जीवन है वह उनसे श्रेष्ठ हैं जिनमें कोई जीवन नहीं है, और जिनमें जीवन है उसनें श्रेष्ठ वह हैं जिनके पास कारण है.

उसकी चाहना जो असंभव है पागलपन है: और यह असंभव है की अयोग्य इस तरह का कुछ न करे.

कुछ भी उस आदमी को नहीं होता है जो भालू के स्वभाव से नहीं बना है. दूसरों को वही चीज होती हैं, और क्योंकि या तो वह नहीं देखते क्या वह बन गए हैं या वह महान भावना दिखाते हैं की वे मजबूत हैं या नुकसान से बने रहेंगे. यह तब शर्म की बात है की अज्ञानता और गुमान मजबूत हों ज्ञान से.

चीजें खुद से आत्मा को नहीं छूती हैं, थोड़े से अंश में भी नहीं; और न ही वह आत्मा में प्रवेश करती हैं, और न ही वह आत्मा को खुद से बदल या चलायमान कर सकती है; बल्कि यह आत्मा ही है जो खुद से बदल सकती है या चलायमान हो सकती है, और जो कुछ भी निर्णय वह सोचती हैं सही है लेने के लिए, वह खुद से लेती है उस चीज के लिए जो उसके सामने प्रस्तुत की गई है.

एक संदर्भ में आदमी मेरे सबसे करीब की चीज है, जब तक मैं आदमी के लिए अच्छा करता हूँ और उसकी सराहना करता हूँ. परंतु जब कोई आदमी मेरे उचित कृत्य में बाधा बनता है, आदमी मेरे लिए बन जाता है वह चीज जो उदासीन है, सूरज या आंधी या जंगली जानवर से कम नहीं. अब यह सत्य है कि वह मेरे कृत्यों के लिए बाधा बनें, परंतु वह मेरे प्रभाव और स्वभाव के लिए बाधा नहीं बन सकते हैं, जिसमें परिस्थितियों के अनुसार काम करने की और बदलने की ताकत है: क्योंकि दिमाग हर रुकावट को समर्थन में बदल देता है; और इस तरह जो बाधा थी वह कृत्यों के लिए अवसर बन जाती है; और जो रास्ते में रुकावट हैं वह इस रास्ते में मदद करती हैं.

श्रद्धा रखें उनमें जो ब्रह्मांड में श्रेष्ठ हैं; और यह वह है जो सभी चीजों को उपयोगी बनाता है और निर्देशित करता है सभी चीजों को. और उसी तरह से श्रद्धा रखें उनमें जो खुद तुम्हारे अंदर श्रेष्ठ हैं; और भी उसी के जैसा है. क्योंकि खुद में भी, जो सभी चीजों को उपयोगी बना लेते हो, वह यह है, और तुम्हारा जीवन इससे निर्देशित होता है.

वह जो राज्य को कोई हानि नहीं पहुंचाते हैं, वह उसके नागरिकों को कोई हानि नहीं पहुंचा सकते हैं. हर तरह के नुकसान के प्रस्तुतिकरण में इस नियम को लागू करो: यदि राज्य को इससे कोई हानि नहीं है, तब मुझे भी कोई नुकसान नहीं है. परंतु यदि राज्य को हानि है, तो तुम्हें उसपर गुस्सा नहीं होना चाहिए जिसने राज्य को नुकसान पहुंचाया है. उसे बताओ गलती कहां है.

अकसर सोचो उस तेजी के बारे में जिससे चीजें गुजरती हैं और अप्रकट हो जाती हैं, दोनों चीजें जो हैं और जो प्रकट होती है. क्योंकि पदार्थ उस नदी की तरह से निरंतर प्रवाह में रहता है, और चीजों

www.PDFshala.com

की गतिविधि निरंतर बदलती रहती हैं, और अनंत तरह से कारण बनती हैं; और शायद ही कोई चीज है जो स्थिर है. और विचार करो जो तुम्हारे निकट है, यह असीम रसातल भूत काल का और भविष्य का है जिसमें सभी चीजें अप्रकट होती हैं. तब कैसे वह मूर्ख नहीं है जो जुड़ा रहना चाहता है चीजों से और खुद को दुःखी बना लेता हैं? क्योंकि वह अपने को कुछ समय के लिए चिढ़ाते हैं.

सोचे ब्रह्मांड के पदार्थों के लिए, जिसमें तुम्हारा बहुत थोड़ा-सा हिस्सा है; और ब्रह्मांड का समय, जिसका बहुत ही छोटा और अविभाज्य समय तुम्हें दिया गया है; और वह जो नियति द्वारा निश्चित है, और उसका कितना छोटा हिस्सा तुम्हारे पास है.

क्या दूसरे ने मेरे साथ गलत किया? वह उसे देखने दो. उसका अपना स्वभाव है, अपनी खुद की प्रकृति. मेरे पास वह है जो सार्वभौमिक प्रकृति ने चाहा है मेरे पास हो; और मैं वह करूंगा जो मेरी प्रकृति मुझे कराना चाहती है.

आत्मा का वह हिस्सा जो नेतृत्व करता है और शासन करता है वह शरीर की गतिविधियों से अविचलित रहे, चाहे दर्द में या आनंद में: और वह इनसे न जुड़े, बल्कि खुद को नियंत्रित रखे और उसके प्रभावों को बनाए रखे. परंतु जब यह प्रभाव दिमाग को प्रभावित करें उन कारणों से जो कि स्वाभाविक रूप से शरीर की गतिविधि से होते हैं, तब तुम संवेदनाओं का विरोध न करो, क्योंकि यह स्वाभाविक हैं: बल्कि खुद पर शासन करने वाला हिस्सा संवेदनाओं की उस राय से जुड़ न जाए जो अच्छी या बुरी हो सकती हैं.

देवताओं के साथ रहें. और जो देवताओं के साथ रहता है जो निरंतर उन्हें रास्ता दिखाते हैं, उसकी खुद की आत्मा उससे संतुष्ट रहती है जो उसे नियत किया जाता है, और वह, वह सभी कुछ करता हैं जो देवता चाहते हैं, जिसे जियुस ने हर आदमी को दिया है उसका अभिभावक और निदेशक बनने के लिए, खुद का हिस्सा. और यह हर आदमी की समझ और कारण है.

तुम उनसे घृणा करते हो जिनकी कांख से बदबू आती हैं? तुम उससे गुस्सा करते हो जिसके मुख से दुर्गंध आती हैं? क्या अच्छा यह तुम्हारे लिए कर सकता है? उसका उस तरह का मुख है, उसकी उस तरह की कांख है: यह जरूर है की इस तरह की दुर्गंध उन चीजों में हो- परंतु आदमी के पास कारण हैं, कि उसे कहा जाए, और वह इसके लिए सक्षम है, यदि वह कष्ट उठाता है, की क्या उसे सुधार सकता है- मैं चाहता हूं उसे खुद से खोजें. तब उसके पास कारण होगा; की तर्कपूर्ण तरीके से उसे सुधारे; उसे उसकी गलती बताओ, उसे सुधारने का अवसर दो. क्योंकि यदि वह सुनता है, तब वह उसे सुधार सकता है, और फिर गुस्सा करने का कोई कारण नहीं है. न दुखांत अभिनेता और न ही फूहड़ स्त्री...

वहां बने रहने से क्या फायदा जब तुम खुद बाहर निकल आए हो,.. क्योंकि यह तुम्हारे अधिकार में है की तुम यहां रहो. बल्कि यदि कोई तुम्हें इसकी अनुमति नहीं देता है, तब जीवन से बाहर

www.PDFshala.com

निकल जाओ, उस तरह से की तुम किसी नुकसान को सहन न करो. घर धुंध से भरा हुआ था, और मैं बाहर निकल आया. क्यों तुम सोचो कि यह किसी तरह की परेशानी है? परंतु जब तक इस तरह की कोई चीज मुझे परेशान नहीं कर रही है, मैं बना रहूंगा, आजाद हूं, और कोई आदमी मुझे डरा नहीं सकता है वह करने से जो मैं चाहता हूं; और मैं वह करना चाहता हूं जो कि तार्किक और सामाजिक प्राणी के अनुकूल है.

ब्रह्मांड की बुद्धि सामाजिक है. इसी के अनुसार उसने निम्न चीजों को श्रेष्ठ की खातिर बनाया है, और उसने श्रेष्ठ को इसके अनुकूल. जिससे की वह देख सके की कैसे वह चीजों को उचित तरह से समन्वित कर सके, उसके उचित योगदान के लिए निर्देशित कर सके, और सामंजस्य बैठा सके जिससे की चीजें बेहतर कर सकें.

कैसे अब तक तुम्हारा व्यवहार देवताओं, माता-पिता, भाइयों, बच्चों, शिक्षकों, जिन्होंने तुम्हारी बचपन में देखभाल की है, दोस्तों, गुलामों के प्रति रहा हैं? विचार करें अब तक यदि आपने इस तरह से व्यवहार किया है जैसे कहा गया है: कभी भी कृत्यों के करने या शब्दों के कहने में गलत आदमी न हों. और याद रखना कितनी चीजों से तुम गुजरे हो, और कितनी चीजों को तुमने सहन किया है; और जीवन का इतिहास अब खत्म हो चुका है और उसके काम भी खत्म हो चुके हैं; और कितनी सुंदर चीजों को तुमने देखा है; और कितने आनंद और दर्द से तुम गुजरे हो; और कितनी चीजें जिन्हें सम्मानजनक कहा जाता है तुमने अस्वीकार किया है; कितने गलत विचारों के आदमियों ने सम्मानजनक व्यवहार किया है.

क्यों अकुशल और अज्ञानी आत्माएं उनको परेशान करती हैं जिनके पास कुशलता और ज्ञान है? तब आत्मा के पास क्या कुशलता और ज्ञान हो? जो कि शुरूआत और अंत को जानता हो, और उस कारण को भी जो कि सभी पदार्थों में व्याप्त है और जो हर समय ब्रह्मांड पर शासन करता है.

जल्द ही, बहुत जल्द ही, तुम राख में, कंकाल में बदल जाओगे, और नाम रहेगा या नहीं रहेगा; परंतु नाम एक आवाज और गूंज है. और चीजें जो जीवन में बहुत महत्वपूर्ण हैं वह खोखली और वीभत्स और तुच्छ हैं, और छोटे कुत्तों की तरह से एक दूसरे को काटती हैं, और छोटे बच्चे की तरह लड़ना, हंसना और फिर रोना. परंतु विश्वसनीयता और नम्रता और न्याय और सत्य दूर तक साथ रहता है.

औलंपस तक दूर तक फैली धरती से. तब क्या वहां है जो तुम्हें अभी तक यहां रोके हुए हैं? यदि संवेदनाओं के तथ्य आसानी से बदल सकते हैं, और दृष्टिकोण को ग्रहण करने वाले अंग सुस्त और आसानी से गलत प्रभाव को ग्रहण कर लेते हैं; गरीब आत्म खुद खून से सांस ले रही है. तब अच्छी प्रतिष्ठा के लिए स्वीकार करें ऐसा संसार खाली चीज है. तब तुम अंत के लिए शांति से क्यों नहीं रुकते हो, चाहे वह एक अवस्था का अंत ही क्यों न हो? और जब समय नहीं आता है, क्या काफी हैं? क्यों, तब क्या देवताओं की स्तुति के अतिरिक्त है, जो आदमी के लिए अच्छा कर सके, और सहनशीलता और आत्मसंयम का अभ्यास करा सके; परंतु जैसा हर चीज के साथ है

www.PDFshala.com

जो कि सांसों और जीवन के अधिकार के परे है, याद रखें वह न तो तुम्हारा है और न ही तुम्हारे अधिकार में है.

तुम अपने जीवन को खुशी से बिता सकते हो, यदि आप सही रास्ते पर चलते हैं. दो चीजें ईश्वर की आत्मा और आदमी की आत्मा और सभी तर्क करने वाले प्राणियों में समान है, कि वह एक दूसरे के लिए रुकावट पैदा नहीं करते हैं; और न्याय की खातिर और इसके पालन करने में मिलकर साथ रहते हैं और इसी में तुम्हारी इच्छा को संतुष्टि मिलें.

यदि यह मेरी खुद की बुराई नहीं है, और न ही मेरी खुद की बुराई को प्रभावित करती है, और आम हित आहत नहीं हो रहे हैं, तब मैं इसके लिए परेशान क्यों हूँ? क्या आम हितों को नुकसान पहुंचा रहा है?

चीजों के प्रस्तुतिकरण से असहज न हो, बल्कि सभी की उनकी योग्यता और क्षमता के अनुसार मदद करो; और यदि उन्हें इस मसले में निरंतर नुकसान हो जो कि उदासीन हैं, इसे क्षति की तरह न देखो. क्योंकि यह खराब आदत है.

जब तुम्हारा खुद तुम्हें मंच पर बुला रहा हो, तब क्या भूल गए, क्या यह चीजें हैं?- हां; यह उन लोगों के लिए महान चिन्ता के विषय हैं- तब कैसे वह इन चीजों के लिए मूर्ख बन सकते हैं? एक समय में सौभाग्यशाली आदमी था, परंतु मैंने इसे खो दिया, मैं नहीं जानता कैसे.- बल्कि सौभाग्यशाली होने का मतलब है की आदमी ने अपने लिए अच्छा सौभाग्य नियत किया हुआ है; और अच्छा सौभाग्य आत्मा के अच्छे स्वभाव को बनाए रखना, अच्छी भावना, अच्छे कृत्य हैं.

www.PDFshala.com

अध्याय- 6

ब्रह्मांड के पदार्थ आज्ञाकारी और किसी चीज पर अड़ने वाले नहीं हैं; और जो कारण इस को निर्देशित करते हैं उनमें खुद से बुरा करने का कोई कारण नहीं है, क्योंकि वह किसी से द्वेष नहीं करते हैं, और न ही किसी का बुरा करते हैं, और न ही किसी चीज को उनके द्वारा नुकसान पहुंचता है. बल्कि सभी चीजें इसी कारण से बनती है और सिद्ध होती हैं.

इससे कोई फर्क नहीं पड़ता की बाहर गर्मी या सर्दी है यदि तुम अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हो; और चाहे तुम अलसाए या पूरी नींद लिए हो; या चाहे तुमसे गलत बोला जाता है या स्तुति होती है; और चाहे मर रहे हो या कुछ और कर रहे हो. क्योंकि यह जीवन के कृत्यों में से एक है, वह कृत्य जिससे हम मरते हैं: इसलिए यह तब काफी है की इस कृत्य के लिए बेहतर करें जो हमारे हाथ में है.

अंदर देखो. किसी चीज की अजीब विशेषता और न ही उसके मूल्य उसे छोड़ दें.

सभी अस्तित्व में दिखने वाली चीजें जल्दी ही बदल जाएंगी, और या तो वह भाप बन कर उठ जाएंगी, यदि सभी पदार्थ एक हैं, या वह ओझल हो जाएंगी.

कारण जो शासन करता है जानता है उसकी स्थिति क्या है, और उसने क्या किया है, और किस पदार्थ पर वह काम करता है.

खुद से बदला लेने का सबसे सही तरीका है की गलत करने वाले की तरह न बनो.

एक चीज में आनंद लो और उस पर रुको, एक सामाजिक कृत्य के बाद दूसरे सामाजिक कृत्य को करते हुए, ईश्वर का ध्यान रखते हुए.

शासन करने का सिद्धांत यह है जो खुद को उठाता और गिराता है, और वह खुद को वैसा बनाता है जैसा वह है और जैसा वह होना चाहता है, तब हर चीज को वह उसी तरह से बनाता है जैसे वह देखना चाहता है.

ब्रह्मांड की प्रकृति के अनुरूप होने पर हर एक चीज को पाया जा सकता है, निश्चित ही यह किसी

www.PDFshala.com

दूसरी प्रकृति से अनुरूपता नहीं है की हर चीज को पाया जा सके, चाहे वह प्रकृति जो बाहर से इस जाने, या प्रकृति जो अंदर से इस प्रकृति को समझती है, या प्रकृति जो इससे स्वतंत्र हो.

ब्रह्मांड या तो भ्रम है, और चीजों का आपसी मेलजोल, और फैलाव; या यह एकरूपता, व्यवस्था और विधान है. यदि यह बाद वाला है, तब मैं चीजों के फलदायक संयोजन के होने की इच्छा क्यों करूं और अव्यवस्था के होने की? और क्यों मैं चिन्ता करूं किसी और चीज की इसके अलावा की अंतः में मिट्टी में मिल जाऊंगा? और क्यों मैं परेशान हूं, उसे लेकर जो होगा चाहे जो कुछ भी मैं करूँ. बल्कि यदि दूसरी कल्पना सत्य है, मैं पूजा करता हूं, और मैं दृढ़ निश्चित हूं, और मैं विश्वास करता हूं उसमें जो शासन करता है.

जब आपको अशांत होने के लिए परिस्थितियों के द्वारा विवश किया जाए, जल्दी ही खुद में वापस लोटकर आओ और उसमें लंबे समय तक नहीं बने रहो; इस तरह तुम्हारा प्रभुत्व निरंतर उसे अर्जित करते हुए सामंजस्य पर होगा.

यदि तुम्हारी सौतेली मां और मां एक ही समय पर हैं, तुम सौतेली मां के पल्लू को पकड़ोगे, बल्कि निरंतर अपनी मां के पास भी जाओगे. उसी तरह से सार्वजनिक जीवन और दर्शन तुम्हारी सौतेली मां और मां हों; दर्शन के पास निरंतर लोटकर आओ और उसे बनाए रखो, जिससे की तुम सार्वजनिक जीवन में जिससे भी मिलो वह सहन करने योग्य प्रतीक हो और तुम भी सार्वजनिक जीवन में सहनशील प्रकट हो.

जब हमारे सामने मांस होता है और हर खाने की चीज के साथ हमें यह प्रभाव मिलता है, की यह मछली का मृत शरीर है, और यह पक्षी का या सुआर का मृत शरीर है; और फिर, यह शराब केवल एक अंगूर का रस है, और यह बैंगनी रंगा वस्त्र किसी भेड़ की ऊन का जो शैल-मछली के रंग से रंगा है: इस तरह के यह प्रभाव होते हैं, और यह खुद से चीज के पास पहुंचते हैं और उन्हें भेदते हैं, और तब हम देखते हैं की किस तरह की यह चीजें हैं. इसी तरह से हम पूरे जीवन कृत्य करते हैं, और जहाँ भी यह चीजें होती हैं जो हमें अपने अनुसार सबसे जरूरी लगती हैं, हम उन्हें नग्न देखें और उनके गैर-जरूरी होने को और नंगा करे उन शब्दों को जिसने उनकी प्रशंसा की गई है. क्योंकि बाहरी प्रदर्शन कारण का भव्य दिखावा करता है, और जब तुम खुद से पूरी तरह से संतुष्ट हो जाओ की चीजों के लिए लगाव दर्द देता है, तब यह सबसे बड़ा धोखा देती है. विचार करें उसपर जिसे क्रेट ने जैनोक्रेट से खुद कहा था.

अधिकांश चीजें जिनकी अधिकांश लोग सराहना करते हैं वह अधिकांश सामान्य तरह की चीजें होती हैं, जो कि संयोग से या प्राकृतिक संयोजन से तैयार होती हैं, जैसे पत्थर, लकड़ी, पेड़ आदि से. परंतु जिन चीजों की सराहना उन आदमियों द्वारा की जाती है जो कि थोड़े से तार्किक होते हैं उनका संदर्भ उनसे होता है जो जीवित होती है, जैसे जानवरों का झुंड. वह जिनकी सराहना उन लोगों द्वारा की जाती है जो ज्यादा समझदार होते हैं वह चीजें हैं जो तार्किक आत्मा से साथ-साथ जुड़ी होती है, ब्रह्मांड की आत्मा से नहीं, बल्कि तार्किक क्योंकि वह आत्मा किसी कला में

www.PDFshala.com

हुनरमंद है, या विशेषज्ञ किसी तरह की, या तार्किक जब तक की उसके अधिकार में कुछ संपत्ति है. परंतु जो तार्किक आत्मा को महत्व देता है, ब्रह्मांड की आत्मा और जो राजनीतिक जीवन के अनुकूल हो, वह इसके अतिरिक्त किसी का सम्मान नहीं करता है; और इसके अतिरिक्त वह अपनी आत्मा को और अपनी गतिविधि को उचित कारण और सामाजिक जीवन में नियंत्रित रखता है, और वह उनके साथ अंत तक सहयोग करता है जो उसकी तरह के हैं.

कुछ चीजें अस्तित्व को बनाने के लिए संघर्ष करती हैं, और कुछ चीजें उनसे बाहर निकलने के लिए; और वह जो अस्तित्व में है वह पहले से बुझ चुका है. गति और बदलाव निरंतर संसार को बदल रहे हैं, जैसे कि समय का निरंतर चलता चक्र हमेशा अनंत काल खंड को बदलता रहता है. इस बहती धारा में तब, जिस पर कोई रोक नहीं है, तब उन चीजों का क्या होगा जो जल्दबाजी में रहती है जिनपर आदमी भारी कीमत लगाता है? यह तो उसी तरह से है जैसे आदमी गौरैया से प्यार करने लगता है जो उड़ जाती है, जबकि वह पहले से आंखों से ओझल है. कुछ इसी तरह से आदमी की जिंदगी है, खून का बहना और सांसों का छोड़ना. जैसे हम एक बार सांस खींचते हैं और फिर बाहर निकालते हैं, जिसे हम हर पल करते हैं, ऐसा ही हर श्वसन तंत्र के साथ है, जिसे तुम जन्म के साथ कल पाते हो और उससे एक दिन पहले वापस दे देते हो उस तत्व को जिससे पहले तुमने इसे लिया था.

न तो वाष्प जैसेकि पौधों में, चीज जिसकी कीमत है, और न ही श्वसन, जैसे पालतू और जंगली जानवरों में, और न चीजों के प्रकटीकरण का प्रभाव, और न ही चाहना में वशीभूत धागे से खिचे चले जाना, और न ही झुंड का जुटना, और न ही भोजन का पोषण; क्योंकि यह भोजन के अनावश्यक हिस्से से दूर होने जैसा है. तब मूल्यवान होना किस काम का है? तालियों के साथ स्वागत का होना? नहीं. और न ही मुंह के द्वारा वाहवाही पाना, जो अनेक मुखों से आती है. कल्पना करो तुमने इस बेकार की चीज जिसे प्रसिद्धि कहते हैं उसे छोड़ दिया है? यह मेरी राय में, खुद को आगे बढ़ाना है और बनाए रखना है उचित संविधान के समरूप, जिसके अंत में सभी रोजगार और कलाएं नेतृत्व करती है. क्योंकि सभी कलाए इसको लक्ष्य बनाती है, की चीजें जिन्हें बनाया गया है वह उसे ग्रहण कर ले जिसके लिए उन्हें बनाया गया है; और अंगूर की बेल लगाने वाला जो अंगूर की देखभाल करता है, और घुड़सवार जो घोड़ों को प्रशिक्षित करता है, इसी अंत को चाहते हैं. क्योंकि शिक्षा और युवाओं का शिक्षण किसी चीज पर लक्ष्य बनाना है. तब शिक्षा और शिक्षण का महत्व है. और यदि यह सही है, तब तुम्हें किसी चीज की चाहना नहीं होगी. तब तुम अनेक चीजों को मूल्यवान नहीं समझोगे? तब तुम न तो स्वतंत्र, और न पर्याप्त होगे खुद की खुशी के लिए, और न भावावेश के होगे. आवश्यकता के अनुसार तुम जलोगे, ईर्ष्या करोगे और संदेह करोगे उनसे जो उन चीजों को ले सकते हैं, और साजिश करोगे उनके विरुद्ध जिनकी इससे कीमत है. आवश्यकता के अनुसार आदमी चिन्ता करता रहता है. जो इन चीजों को चाहता है; और इसके अतिरिक्त, वह अकसर देवताओं में दोष देखता है. परंतु खुद के मन के लिए श्रद्धा और सम्मान खुद को खुश रखता है, और समाज से सद्भाव, और देवताओं से सहमती, अर्थात, उसके लिए धन्यवाद देना जो उन्होंने दिया है और जिसके लिए आदेश दिया है.

www.PDFshala.com

ऊपर, नीचे, सभी तरफ तत्वों की गतिविधियां हैं. परंतु नियति की गति इनमें से कोई नहीं है: वह इससे कुछ ज्यादा पवित्र है, और उस रास्ते पर खुशी से चलती है जिसका मुश्किल से अवलोकन हो पाता है.

कितना अजीब आदमी व्यवहार करता है. वह उनकी स्तुति नहीं कर सकता है जो उसके खुद साथ रहते हैं और जिनके साथ वह रह रहा है; बल्कि स्तुति पाना चाहता है भावी पीढ़ी से, जिन्हें वह कभी नहीं देख पाता है या वे उसे कभी देख सकेंगी, यह वह है जिस पर वह ज्यादा जोर देता है. बल्कि यह काफी उसके समान है की उन्हें दफना दिया जाए क्योंकि जो लोग उनसे पहले रहे हैं उन की स्तुति न कर सकें.

यदि किसी चीज को खुद से कर पाना तुम्हारे लिए कठिन है, तो यह नहीं सोचें की यह किसी दूसरे आदमी के लिए भी असंभव है: बल्कि यदि कोई चीज किसी आदमी के लिए संभव है और उसके स्वभाव के अनुकूल है, तब सोचें की आप भी उस चीज को हासिल कर सकते हैं.

व्यायाम करते समय माना कोई आदमी अपने को चोट पहुंचाए, और उसके घावों को संक्रमित करने के लिए छोड़ दे. तब हम उसे न चिढ़ाते हैं और न ही हम उस पर क्रोधित होते हैं, और न ही छली साथी की तरह से व्यवहार करते हैं; और फिर भी हम उससे अपने को सुरक्षित करते हैं, दुश्मन की तरह से नहीं, और नहीं ही संदेह करते हुए, बल्कि हम धीरे से वहां से निकल आते हैं. कभी-कभी इस तरह का व्यवहार हम जीवन के सभी हिस्सों में देखते हैं; हमें इस तरह की अनेक चीजों को अनदेखा कर देना चाहिए. क्योंकि यह हमारे अधिकार में है, जैसा मैंने कहा, कि उनके रास्ते से हट जाओ, और न किसी तरह का संदेह और न ही कोई घृणा.

यदि कोई आदमी मुझे सहमत कर सके और दिखा सके की मैं न तो सही सोचता हूं या कृत्य कर सकता हूं, मैं खुशी से बदल जाऊंगा; क्योंकि मैं उस सत्य को जानना चाहता हूं जिससे कोई आदमी कभी आहत हुआ हो. बल्कि वह घायल हुआ है जो अपनी गलती और अज्ञान के साथ रहना चाहता है.

मैं अपने कर्तव्यों को पूरा करता हूँ: दूसरी चीजें मुझे परेशान नहीं करती हैं; क्योंकि चाहे तो यह चीजें बिना जीवन के होती है, या चीजें बिना कारण के, या चीजें जो भटक गई हैं और अपने रास्ते को नहीं जानती हैं.

जैसे जानवरों के पास कोई उद्देश्य नहीं होता और आमतौर पर सभी चीजों और पदार्थों के पास, परंतु तुम्हारे पास होता है, चूंकि तुम्हारे पास उद्देश्य होता है और उनके पास नहीं, उनका उदारता और खुले दिल से उपयोग करो. बल्कि मानवता के लिए, जैसेकि उनके पास उद्देश्य है, सामाजिक भावना से व्यवहार करें. और सभी अवसरों पर देवताओं को याद करें, और खुद पर संदेह न करें कि कितना समय तक तुम इसे कर सकते हो; क्योंकि तीन घंटे भी इस तरह बिताने के लिए पर्याप्त होते हैं.

www.PDFshala.com

आदमी अपने को बना लेता है, जितना संभव होता है, यदि वह इस पर विचार नहीं करता है की क्या हो रहा है, और अपने को दूसरों से अलग कर लेता है, या कुछ असामाजिक करता है. कल्पना करें की उन्होंने अपने को प्राकृतिक एकता से खुद को पृथक कर लिया है जबकि वह प्रकृति के हिस्सा हैं, परंतु अब उन्होंने अपने का अलग कर लिया है- ईश्वर ने ऐसा करने की किसी अन्य हिस्से को अनुमति नहीं दी है, की वह पृथक हो जाए और फिर से जुड़ जाए. बल्कि विचार करें उस दयालुता पर जिससे उसने आदमी को प्रतिष्ठित किया है, क्योंकि उसके अधिकार में है की ब्रह्मांड से अपने को अलग न करे; और जब वह अलग हो जाए, वह उसे वापस आने की अनुमति देता है और जुड़ने की और अपने को हिस्सा बनाने की.

जैसे ब्रह्मांड की प्रकृति ने सभी तर्क संगत जीवों को वह सभी ताकत दी हैं जो उसके पास हैं, उसी तरह से हमने भी यह ताकत प्राप्त की है. जैसे कि ब्रह्मांड की प्रकृति हर चीज को जो कि रास्ते में होती है और विरोध करती है उसे बदलती है और स्थापित करती है पूर्व निर्धारित स्थान पर और बनाती है खुद का हिस्सा, उसी तरह से तार्किक प्राणी अपनी सभी रुकावटों को अपना बनाता है, और उसे उस उद्देश्य के प्रयोग करता है जिसके लिए उसे बनाया गया है.

तुम अपने को पूरे जीवन को बारे में सोच कर परेशान न करो. यह सोच तत्काल तुम्हारा आलिंगन उन परेशानियों से न करा दे जिन्हें तुम सोचते हो की तुम्हारे सामने आएंगी: बल्कि हर अवसर पर खुद से पूछें, इसमें क्या है जो कि असहनीय है और पहले का असर है? जिसको स्वीकार करने में तुम्हें शर्म लग रही है. आगे यह ध्यान रखो कि न तो भविष्य और न ही भूत तुम्हें दर्द दे, बल्कि केवल वर्तमान ही. बल्कि यह थोड़े से में ही बदल जाएगा, यदि तुम इस नियंत्रण में रखो, और यह बच्चे की बुद्धि है, यदि यह इसे बनाए नहीं रखती है.

क्या पैंथिया या प्रगिमिस अब विरस में दफन हैं? क्या चौंरियस या डायोटिमस हैंडिया में दफन हैं? यह हास्यास्पद है. तब माना की वे वहां पर दफन हैं, क्या मृतक इससे सचेत हैं? और यदि मृतक इससे सचेत हैं, क्या वह इससे खुश हैं? और यदि वह इससे खुश हैं, क्या वह उन्हें अमर बना रहा है? क्या यह परंपरा का क्रम है की यह व्यक्ति पहले वृद्ध औरत और वृद्ध आदमी बनें और फिर मरें? तब वह क्या करें जब वह मर जाएं? यह सभी कुछ अब गंदी बदबू और खून हैं?

यदि तुम तीक्ष्णता से नहीं देख सकते हो, तब समझदारी से देखें और निर्णय लें, दार्शनिक यह कहते हैं.

तार्किक प्राणी के संविधान में कोई भी नियति ऐसी नहीं देखता हूं जो कि न्याय के विपरीत हो; बल्कि मैं उस नियति को देखता हूं जो कि कामुकता से प्यार करने के विरोध में होती है, और वह संयम है.

यदि तुम उस राय को बदल सकते हो जो तुम्हें दर्द देती है, तब तुम पूर्णतः सुरक्षित हो. यह क्या है? एक कारण. परंतु मैं एक कारण नहीं हूं. ऐसा ही है. तब खुद के कारण खुद को परेशान न

www.PDFshala.com

करें. बल्कि यदि तुम्हारा कोई हिस्सा पीड़ित है, उसकी खुद से उसके बारे में राय हो.

संवेदनाओं में रुकावट की अनुभूति कामुक स्वभाव के लिए बुरी है. चाहना में रुकावट भी उसी तरह से कामुक स्वभाव के लिए बुरी है. और कुछ और चीज भी योजनाओं के निर्माण के लिए रुकावट और बुराई हैं. इसलिए वह जो बुद्धि के लिए रुकावट है वह बुद्धिमान स्वभाव के लिए भी रुकावट है. इन सभी चीजों को अपने ऊपर लागू करें. क्या दर्द या संवेदनाओं का आनंद तुमको प्रभावित करता हैं? संवेदना उस तरफ देखती हैं- क्या कोई रूकावट तुम्हारे प्रयासों का विरोध करती है? दरअसल यदि तुम इस प्रयास को पूरी तरह (बिना शर्त और पूरे मन से)कर रहे हो, निश्चित ही यह रुकावट तुम्हारे लिए बुराई है तर्क संगत प्राणी के रुप में. परंतु यदि तुम सामान्य चीजों को विचार में लाओगे, तब तुम न तो चोट खाओगे और न ही अवरूद्ध होगे. चीजें जो कि समझने के लिए उचित हैं कोई आदमी बाधा नहीं बनेगा, और न ही आग, और न ही लोहा, और न ही निरंकुशता, और न ही दुरुपयोग, उसे किसी तरह से छूएगा. जब वह पूर्ण बन जाती है, वह पूर्ण बनी रहती हैं.

यह मेरे लिए उचित नहीं है की मैं खुद अपने को दर्द दूं, साथ ही मैं किसी दूसरे को जान बूझ कर कभी दर्द दूं.

विभिन्न चीजें विभिन्न लोगों को खुश करती हैं. परंतु यह मेरी खुशी है की मैं अपने पर शासन करने वाली चीजों पर नियंत्रण रखूं की वह मुझे किसी आदमी या किसी चीज से जो आदमियों के साथ होती है से दूर न रखे, बल्कि उनकी तरफ देखे और ग्रहण करे सभी कुछ जो आँख देखती हैं और प्रयोग करूं सभी चीजें उनके मूल्यों के अनुसार.

देखे इस वर्तमान समय में तुम कितने सुरक्षित हो; क्योंकि जो मरने के बाद भी ख्याति को चाहते हैं विचार करें इस समय के बाद भी आदमी ठीक उसी तरह का होता है जिसे वह अभी सहन नहीं कर सकते हैं; और दोनों मरणशील हैं. और उन्हें फिर भी क्या है यदि यह आदमी इस और उस समय के बाद आवाज को बदल दें, या यह या वह राय रखें उनके बारे में?

मुझे लेकर जाओ और स्थापित करो जहां तुम चाहो; वहां के लिए में अपने देवीय हिस्से को शांत रखूंगा, यदि वह उन चीज को महसूस कर सकें और उसके अनुसार आराम से व्यवहार कर सकें. क्या स्थिति में बदलाव उचित कारण है की क्यों मेरी आत्म नाखुश हो और उससे बदतर जैसी वह थी, असंतुष्ट, विस्तरित, संकोची, ऊधमी? और कौन उस कारण को खोज सकता है जो कि इसके लिए उचित कारण हैं?

कुछ भी किसी आदमी को नहीं हो सकता जो मानवीय दुर्घटना नहीं है, और न ही बैल को जो कि बैल की प्रकृति के अनुरूप नहीं है, और न ही बेल को जो बेल की प्रकृति के अनुकूल नहीं है, और न ही पत्थर को जो कि पत्थर के अनुकूल नहीं है. फिर जो सभी चीजों के साथ होता है वह व्यवहारिक और स्वाभाविक हैं, तब तुम शिकायत क्यों करते हो? क्योंकि आम स्वभाव कुछ भी

www.PDFshala.com

ऐसा नहीं लाता जिसे कि वह धारण न कर सके.

जब तुम किसी बाहरी चीज से दर्द को पाते हो, वह तब वह चीज नहीं होती है जो तुम्हें परेशान करे, बल्कि तुम्हारा खुद का उस चीज के लिए निर्णय. और यह तुम्हारे अधिकार में है की इस निर्णय को पोंछ डालो. परंतु यदि कोई अन्य चीज तुम्हारे खुद के अधिकार में तुम्हें दर्द देती है, तब क्या चीज तुम्हें इस निर्णय को लेने से रोकती है? और यदि तुम्हारा खुद भी दर्द देता है क्योंकि तुम उस विशेष चीज को नहीं कर रहे हो जो सही है, तब तुम कृत्यों को क्यों नहीं करते दोष देने की जगह? बल्कि यदि कोई न जीते जा सकने वाली रुकावट इसमें है? तब शोक न करें, उस कारण के लिए जो आप पर निर्भर नहीं है, क्योंकि यह तुम्हारे अधिकार में नहीं है. बल्कि यदि तुमको दर्द होता है क्योंकि तुम कुछ विशेष चीज को नहीं कर पा रहे हो जो तुम्हें सही दिख रही हैं, तब तुम उसे क्यों नहीं करते शिकायत करने की जगह? परंतु यदि कुछ न हटाए जा सकने वाली रुकावट हैं?- तब तुम शोक न करो, उस कारण के लिए जिसे नहीं किया गया जो उस पर निर्भर नहीं है. – अब बने रहने का कोई कारण नहीं है यदि यह नहीं होता है. -तब इस चीज को जीवन से संतोषपूर्वक निकाल दें, जैसे कि जब कोई मार जाता है जो पूरी तरह से सक्रिय होता है, और उन चीजों से मोहित होता है जो रुकावट हैं.

याद रखें शासन करने वाली ताकत अजेय है, यदि आत्म नियंत्रण खुद से संतुष्ट है, यदि वह ऐसा कुछ नहीं करता है जिसे उसने नहीं चुना है, तब भी जब हठ उसका विरोध कर रही हो. तब क्या होगा जब वह किसी चीज को बारे में उस निर्णय पर पहुंचती है जिसे कारण और इरादे का समर्थन हो? इसलिए जो बुद्धि सनक से आजाद है, उस आदमी के लिए उससे ज्यादा कुछ भी सुरक्षित नहीं है जो कि हट जाए या मना कर दे और भविष्य में अजेय है. वह जो इसे नहीं देखता है वह अंजान आदमी है; बल्कि जो इसे देखता है परंतु हटने से इनकार कर देता है वह दुःखी है.

उससे अधिक अपने से कुछ न कहें जो पहला प्रस्तुतिकरण संकेत देता है. माना कि तुम को कोई बताता है की कोई विशेष व्यक्ति तुम्हारे बारे में गलत कह रहा है. यह बताया जाता है; परंतु तुम्हें चोट लगी है, इसके बारे में नहीं बताया जाता है. देखें मेरा बेटा बीमार है. मैं यह देखता हूं; परंतु वह खतरे में है, यह मैं नहीं देखता हूं. अतः तब पहले प्रस्तुतिकरण पर रुको, और खुद से कुछ न जोड़ो, तब तुम्हें कुछ नहीं होगा. या कुछ जोड़े, उस आदमी की तरह से जो सभी कुछ जानता है जो कि संसार में होता है.

खीरा कड़वा है- उसे फैंक दो- सड़क पर झाड़ी है- उससे बच के निकल जाओ.- यह काफी है. कुछ न जोड़ो, और क्यों ऐसी चीजें संसार में बनी हैं? तुम उस आदमी का उपहास बनाते हो जिसके स्वभाव से तुम परिचित हो, जैसे तुम उपहास बनाते हो उस बढ़ई का या जूते बनाने वाले का यदि तुम दोष देखते हो क्योंकि तुमने कार्यशाला में देखा चीजों का कतरन को उन चीजों की जिन्हें वह बनाते हैं. और उनके पास स्थान होते हैं जहां वह इन कतरनों को फैंकते हैं, और प्रकृति में भी कोई बाहरी जगह नहीं है; बल्कि प्रकृति का आश्चर्यजनक हिस्सा है की वह इन्हीं चीजों से खुद को तैयार करती है, उसके अंदर जो भी चीज खराब होती है, या पुरानी होती है या बेकार होती है खुद से बदलती है, और दूसरी नई चीज में बदल जाती है, जिसके लिए उसे कुछ भी

www.PDFshala.com

बाहरी नहीं चाहिए होता है और न ही कई जगह जहां पर वह खराब चीजों को रख सके. वह अपने में खुद के लिए जगह, और अपनी सामग्री और कला को रखती है.

न तो तुम्हारे कृत्य सुस्त हों और न ही अनुचित विधि के हो, और न ही उनके विचारों में भटकाव हो, और न ही आत्मा में अंतरिक विवाद और न ही बाहरी प्रवाह, और न ही जीवन इतना व्यस्त हो की उसके लिए आराम का समय ही न हो.

माना की आदमी अपने को मारता है, कटता है और नष्ट करता है. तब क्या यह चीजें मन को शुद्ध कर सकती हैं, बुद्धिमान, शांत, न्यायोचित बना रहने के लिए? उदाहरण के लिए, यदि आदमी पारदर्शक शुद्ध झरने में खड़ा हो, और उसे नष्ट करे, तब भी झरना कभी शुद्ध पीने के पानी तो नहीं रोकता है; और यदि वह उसमें मिट्टी डालता है या उसमें गंदगी करता है, वह तेजी से उसे खत्म कर देगा और उसे बहा देगा, और वह उसे बिल्कुल भी प्रदूषित नहीं रहने देगा. तब क्यों न तुम हमेशा बहने वाले झरने बनो और केवल कुंआ नहीं? खुद को हर पल स्वतंत्र बनाए रखते हुए संतोष, सादगी और शीलता से जोड़ते हुए.

वह जो यह नहीं जानता की संसार क्या है, वह नहीं जानता की वह कहाँ है. और वह जो नहीं जानता की किस उद्देश्य के लिए संसार का अस्तित्व है, वह नहीं जानता की वह कौन है, और न ही की संसार क्या है. बल्कि वह जो यह बताने में असफल है कि किस उद्देश्य से खुद उसका अस्तित्व है. क्या तब वह सोचता है अपने बारे में जो स्तुति से बचता है या चाहता है, उन लोगों से जो नहीं जानते कहाँ वह हैं या कौन वह हैं?

क्या वह उस आदमी से स्तुति पाना चाहेंगे जो खुद को हर घंटे तीन बार श्राप देता है? क्या वह उस व्यक्ति को संतुष्ट करना चाहेंगे जो खुद को संतुष्ट नहीं कर सकता है? क्या आदमी अपने को संतुष्ट कर सकता है जो अपनी उस हर चीज पर पश्चाताप करता है जिसे वह करता है?

बहुत अधिक समय तब तुम्हारी सांसें उस हवा से न जुड़ी रहें जो चारों तरफ हैं, बल्कि बुद्धि भी अब सम स्वर में बुद्धि के साथ रहे जो कि सभी चीजों को गले लगाती है. क्योंकि बुद्धिमान शक्ति बहुत अधिक सभी चीजों में फैली हुई नहीं होती है और सभी चीजों में व्याप्त नहीं होती है जो कि उसे अपनी तरफ खींचना चाहती है उस हवाई ताकत की तरह जो उसे सांस देती हैं.

आमतौर पर दुष्टता ब्रह्मांड को बिलकुल भी हानि नहीं पहुंचाती है; और विशेषतः एक आदमी की दुष्टता दूसरे की हानि नहीं करती है. वह केवल उसे हानिकारक होती है जो अपनी ताकत को उसके अधिकार में दे देता है, जिससे की वह उसको चुन सके.

मेरी स्वतंत्र इच्छा से मेरे पड़ोसी की स्वतंत्र इच्छा उसी तरह से अलग है जैसेकि उसकी सांस और मांस. जबकि हम विशेषतः एक दूसरे की खातिर बने हैं, फिर भी हम पर शासन करने वाली ताकत का अपना खुद का अधिकार है, नहीं तो मेरे पड़ोसी की दुष्टता मेरा नुकसान होती, जिसे

www.PDFshala.com

ईश्वर ने इस क्रम में नहीं चाह है की मेरी अप्रसन्नता दूसरे पर निर्भर करे.

सूर्य ढलता हुआ प्रकट होता है, और सभी दिशाओं में निश्चित ही फैलता हुआ, फिर भी वह ढलता नहीं है. यह फैलना विस्तार है: उसी तरह उसकी किरणों को रश्मि कहा जाता है क्योंकि वह विस्तरित होती हैं. कोई भी परख सकता है कि किस तरह की यह किरण होती हैं, यदि कोई देखता है कि सूर्य की किरण अंधेरे कमरे में किसी छेद से गुजर रही है, तब वह सीधी रेखा में गुजर रही होती है, और विभाजित हो जाती है जब वह किसी ठोस से मिलती है जो रास्ते में पड़ता है और अवरोध पैदा करता है. परंतु वहां भी प्रकाश स्थिर रहता है फिसलता या गिरता नहीं है. उसी तरह से समझ का प्रसार होना चाहिए, और किसी भी तरह से उसे फिसलना नहीं चाहिए, बल्कि विस्तार होना चाहिए, और वह कोई हिंसक या साहसी टकराव रुकावट से न करे जो उसे मिलती है. क्योंकि रुकावट को खुद प्रकाशित होने से वंचित कर रही है, यदि वह स्वीकार नहीं करती है.

वह जो मृत्यु से डरता है चाहे तो संवेदना के खोने से डरता है या दूसरी तरह की संवेदना से. लेकिन यदि तुम में कोई संवेदना नहीं है तो तुम किसी हानि से न डरो; और यदि तुम चाहते हो दूसरी तरह की संवेदना, तो तुम दूसरी तरह के जीवित प्राणी होगे और तुम जीने के लिए संघर्ष नहीं करोगे.

आदमी का अस्तित्व दूसरे की खातिर है. उन्हें तब सिखाओ या उनके साथ सहन करो.

एक तरीके से तीर चलता है, दो तरह से दिमाग. दिमाग निश्चित ही, दो तरह से जब वह सावधान रहता है और जब वह जांच करता है, आगे बढ़ता है अपने लक्ष्य की तरफ.

हर आदमी के शासन करने वाले विषय में प्रवेश करो; और दूसरा तुम्हारे में कर सके.

www.PDFshala.com

अध्याय- 9

वह जो अन्याय करता है वह अन्यायी है. क्योंकि संसार की प्रकृति ने विचारशील प्राणी को एक दूसरे की मदद के लिए अपनी योग्यता के अनुसार बनाया है, परंतु किसी भी तरह से दूसरे को नुकसान पहुंचाने को नहीं, जो अपनी आत्मा का अनादर करता है, वह निश्चित ही महानतम देवताओं के प्रति असम्मान दिखाता है. और वह उनसे झूठ बोलता है; क्योंकि सभी चीजें अपनी प्रकृति के अनुसार व्यवहार करती हैं; और जो चीजें हैं उसका संबंध सभी चीजों से है जो अस्तित्व में हैं. और आगे, इस संसार की प्रकृति को सत्य नाम दिया गया है, और यह उन सभी चीजों के होने का मुख्य कारण है जो सत्य हैं. वह जो जान-बूझकर झूठ बोलता है वह दोषी है उन कृत्यों के लिए जिन्हें वह अन्याय से जान-बूझकर करता है; और वह जो अनजाने में झूठ बोलता है, वह ब्रह्मांड की प्रकृति का त्याग करता है, और वह संसार की प्रकृति के विरूद्ध लड़कर व्यवस्था को खराब करता है; वह उसके खिलाफ लड़ता है, जो कि सत्य के विपरीत खुद की तरफ मुड़ती हैं, क्योंकि उसने स्वभाव से उन शक्तियों को पा लिया है जिनको नकार कर वह इस काबिल नहीं रहा है की वह सत्य में से असत्य का भेद कर सके. और निश्चित ही जो आनंद को अच्छा समझकर चाहता है, और दर्द को बुरा समझकर बचना चाहता है, वह नास्तिक है. ऐसा व्यक्ति निश्चित ही ब्रह्मांड की प्रकृति में दोष पाता है, आरोप लगाते हुए की वह बुरे लोगों को चीजें सौंपता है और इसके विपरीत बुरे इससे वंचित रहते हैं, क्योंकि बुरे अकसर सुख का आनंद उठाते हैं और उन चीजों को अधिकार में रखते हैं जो सुख देती है, जबकि अच्छों के हिस्से में दर्द आता है और वह चीजें जो दर्द देती हैं. और वह जो दर्द से डरता है वह उन कुछ चीजों से भी डरता है जो कि संसार में होती है, और चाहे वह पाप ही क्यों न हो. और वह जो आनंद की तरफ दौड़ता है, वह अन्याय से नहीं बच सकता है, और यह पाप है. अब उन चीजों के संदर्भ में जिनसे ब्रह्मांड की प्रकृति समान रूप से प्रभावित है- इसने दोनों को नहीं बनाया है, जब तक वह दोनों के लिए समान रूप से प्रभावित नहीं होती है- इसके लिए वह जो प्रकृति का अनुसरण करते हैं वह उसी के अनुसार बनें, और समान रूप से प्रभावित हों. दर्द के संदर्भ में, और फिर आनंद, या मृत्यु और जीवन, या सम्मान और तिरस्कार, जिसे ब्रह्मांड की प्रकृति समान रूप से लागू करती है, वह जो कोई भी समान रूप से प्रभावित नहीं होता है जानबूझकर अश्रद्धा का कर्म कर रहा है. और मैं कहता हूं ब्रह्मांड की प्रकृति दोनों को समान रुप से देती है, इसकी जगह कहना की यह उन सभी को समान रूप से होता है जो कि एक तरह के हैं और उनको जो उसके बाद विधि के विशेष पुण्य से आए हैं, जिसके अनुसार वह निश्चित शुरूआत करते हैं चीजों के इस अनुक्रम का, कल्पना करते हुए चीजों के विशेष सिद्धांत की जिसे होना चाहिए, और किसी चीज के होने और बदलाव की ताकत को निर्धारित करते हुए और ऐसा ही होते रहने की.

www.PDFshala.com

आदमी के लिए सबसे खुशी की बात होगी की वह मानवता से बिना झूठ बोले, पाखंड, और विलासिता और गर्व किए विदा ले सके. फिर भी सांसो को छोड़ना जब आदमी के पास काफी यह चीजें हो वह सबसे अच्छी अगली यात्रा है, जैसी कि कहावत है. इसलिए तुम्हें इन बुराइयों बचना चाहिए, और इस महामारी से बच निकलना चाहिए? इस महामारी को न समझने से, संभावना है की कोई ऐसे भ्रष्टाचार या वातावरण में बदलाव तुम्हें घेर ले. क्योंकि यह महामारी जानवरों में भी है जब तक वह जानवर हैं; परंतु कुछ आदमियों में इस महामारी से बचे रहते हैं आदमी होकर भी.

मृत्यु से डरो नहीं, बल्कि उसे अच्छी तरह से समझो, क्योंकि वह उन चीजों में से है जो प्रकृति की इच्छा से है. उसी तरह से जैसे हम युवा होते हैं और फिर वृद्ध होते हैं, बड़े होते हैं और युवावस्था को पाते हैं, और फिर दाँत, दाढ़ी और सफेद बाल, और फिर जन्म देते है, और अन्य प्राकृतिक काम जो जीवन के मौसम लेकर आते हैं, वह भी विघटन है. यह, तब, आदमी के चरित्र को दर्शाती है, की न तो लापरवाह, और न ही अधीर, और न ही घृणा युक्त बनो मृत्यु के प्रति, बल्कि इसका इंतजार करो जैसे यह प्रकृति का एक काम है. जैसे तुम उस समय का इंतजार करते हो जब बच्चा मां के गर्भ से बाहर आता है, उसी तरह से तैयार रहो उस समय के लिए जब तुम्हारी आत्मा इस आवरण को छोड़ दें. बल्कि यदि तुम अश्लील तरह का आराम भी चाहते हो जो तुम्हारे हृदय में पहुंच सके, तब तुम मृत्यु को सबसे अच्छी तरह से राज़ी करते हो उन तथ्यों को देखते हुए जिससे तुम दूर होने जा रहे हो, और उन लोगों की नैतिकता जिनसे तुम घुल मिल नहीं सकते हो. क्योंकि यह सही तरीका नहीं है आदमियों से आहत होने का, बल्कि यह तुम्हारा कर्तव्य है की उनकी चिन्ता करो और उनसे सज्जनता से व्यवहार करो; और फिर भी याद रखो तुम्हारा प्रस्थान उन लोगों के साथ नहीं होगा जिनके तुम्हारे समान सिद्धांत हैं. क्योंकि यह अकेली चीज है, यदि कोई वहां है, जो हमारे लिए विपरीत रास्ते बनाती है, और जीवन से जोड़ती है, उन लोगों के साथ रहने की अनुमति देती है जिनके हमारे जैसे समान सिद्धांत हैं. बल्कि अब खुद देखो की कितनी परेशानी उत्पन्न होती है उन लोगों के मतभेद से जो साथ-साथ रहते हैं, जिसके लिए तुम कह सकते हो, जल्दी आओ हे मृत्यु, ऐसा नहीं हो सकता, की मैं अपने को भूल जाऊं.

वह जो गलत करता है खुद के खिलाफ गलत करता है. वह जो अन्याय करता है, वह खुद से अन्याय करता है, क्योंकि वह खुद को बुरा बनाता है.

वह अकसर अन्याय करता है जो निश्चित चीजें नहीं करता है; बल्कि वह नहीं जो निश्चित चीजें करता है.

उसकी वर्तमान राय समझ पर आधारित होती है, और उसका वर्तमान व्यवहार सामाजिक हित के लिए निर्देशित होता है, और उसके वर्तमान स्वभाव में संतोष हर उस चीज के लिए जो होता है- काफी होता है.

कल्पना को पोंछ दो: चाहना की जांच करो: भूख को बुझाओ: शासन करने वाले ताकत को अपने नियंत्रण में रखो.

www.PDFshala.com

उन जानवरों के लिए जिनके पास कुछ उद्देश्य नहीं है एक जीवन दिया गया; लेकिन उचित जानवर के लिए एक बुद्धिमान आत्मा; जैसेकि सभी चीजों के लिए एक पृथ्वी है जो मिट्टी की प्रकृति के हैं, और हम एक रोशनी से देखते हैं, और एक हवा से सांस लेते हैं, हम सभी लोग जिनके पास देखने की सुविधा है और सभी जिनके पास जीवन है.

सभी चीजें जो कि किसी चीज में हिस्सा लेती हैं जो कि सभी के हित में हो, सभी उस दिशा में जाती हैं जो उनके हित में हो. हर चीज जो धरती के समान है वह धरती में मिलना चाहती है, हर चीज जो द्रव्य है वह द्रव्य के समान बहना चाहती है, और हर चीज जो दूसरे ब्रह की है उसी तरह से व्यवहार करती हैं, जिससे की कुछ चीज उन्हें बाँध कर रख सके. आग ऊपर की तरफ उठती है, परंतु हर उस आग से जुड़ना चाहती है जो वहां पर है, जिससे की जो भी पदार्थ जो सुखा हो, वह जल सके, क्योंकि उससे जुड़ने पर जो जलता नहीं है उसके रास्ते में रुकावट बन सकता है. उसी तरह हर चीज उसमें हिस्सा लेती है जिससे सामान उद्देश्य सफल हों, और आगे बढ़ सकें. जितनी ज्यादा वह दूसरी चीजों की तुलना में बेहतर होती है, उतनी ज्यादा लगातार दूसरों के जैसी बनने को तैयार रहती हैं और उनके समान होना चाहती हैं. इसी तरह से अनेक प्राणियों में हम इसे पाते हैं, मधुमक्खी का झुंड, जानवरों का झुंड, और पक्षियों का स्वभाव, और उसी के समान प्रेमियों का; क्योंकि जानवरों में भी आत्मा होती है, और जो ताकत उन्हें पास-पास लेकर आती है वह खुद से महान अंश में दिखती है, और उस तरह से की वह कभी पेड़ों में और न ही पत्थरों में और न ही पौधों में दिखती है. परंतु तर्कसंगत प्राणी में वहां राजनीतिक समुदाय और दोस्ती होती है, और परिवार और लोगों की बैठकें; और युद्ध में, संधि में और विद्रोह में भी. बल्कि उन चीजों में भी जो अभी भी बेहतर हैं, जबकि वह एक दूसरे से अलग हैं, उनके काम करने के तरीकों में एकता दिखती है, जैसेकि तारों में. अतः वह चीजें जो कि अलग-अलग होती है वह भी एक समान दिखने में सहानुभूति रखती हैं. देखें तब अब क्या स्थान लेगा. केवल तर्कसंगत प्राणी अब निजी चाहना और रुझान को भूल चुका है, और अकेले उसमें साथ-साथ चलने की वृति नहीं दिखती है. जबकि आदमी इस तरह के संगठनों से बचना चाहता है, वह उनमें फंसता है, क्योंकि उनकी प्रकृति उसके लिए काफी मजबूत हैं; और तुम देख सकते हो, जिसे मैं कहता हूं, यदि तुम केवल अवलोकन करो. जल्द ही, तब, तुम देखोगे की संसार की कोई भी चीज सांसारिक चीज के संपर्क में उतनी तेजी से नहीं आती है, जितना की आदमी जो दूसरे आदमी से कितना भी अलग क्यों न हो.

आदमी और ईश्वर दोनों और ब्रह्मांड फल उत्पन्न करते हैं. उचित मौसम में हर कोई उसे उत्पन्न करता है. परंतु यदि उपयोग ने खुद से इन्हें उत्पन्न किया है, तब यह कुछ नहीं हैं. कारण सभी के लिए और खुद के लिए परिणाम देता है, और उससे अन्य चीजों के लिए समान कारणों से खुद से यहां उत्पाद हैं.

यदि तुम सक्षम हो, तब उन लोगों को अपनी शिक्षा से सही करने की कोशिश करो जो गलत हैं; परंतु यदि तुम यह नहीं कर पा रहे हो, याद रखो उनको यह आसक्ति किसी कारण से दी गई है. और देवता भी ऐसे लोगों के लिए आसक्त हैं; और कुछ कारण से वह उनकी स्वास्थ्य, प्रतिष्ठा,

www.PDFshala.com

दौलत देने में मदद करते हैं; कितने दयालु वह हैं. और यह भी उनके अधिकार में है; या कहें, कौन उन्हें रोकता है?

मनहूस की तरह से मेहनत न करो, और न ही उसकी तरह जिस पर दया आए या सराहना पाए: बल्कि अपने दिल को एक चीज के लिए निर्देशित करें, अपने को गतिमान रखें और खुद से जांच करें, जैसी सामाजिक कारण को जरूरत हो.

आज में परेशानी से निकल गया, या मैंने सभी परेशानी पैदा की, यह बाहर से नहीं, बल्कि अंदर से और मेरे दृष्टिकोण में है.

सभी चीजें समान हैं, अनुभव में परिचित, और समय में अल्पकालिक, और मसले में बेकर. सभी कुछ अभी वैसा ही है जैसा वह तब था जब हम परेशान थे.

चीजें हमारे से खड़ी होती है, खुद व खुद, न तो खुद को जानते हुए, और न ही किसी निर्णय को प्रकट करते हुए. यह क्या है, तब, जो उनको परखता है? सत्तारूढ़ संकाय.

न की सहनशीलता में, बल्कि तर्कसंगत सामाजिक जानवर की गतिविधि में बुराई या अच्छाई होती है. उसका पुण्य और उसका पाप उसकी सहनशीलता में नहीं बल्कि उसकी गतिविधि में होता है.

वह पत्थर जिसे ऊपर फेंका गया है उसमें कोई बुराई नहीं की वह नीचे आए, और न ही कुछ अच्छा की उसे ऊपर फेंका जाए.

आदमी को नेतृत्व देने वाले सिद्धांत के अंदर समा जाओ, और तुम देखोगे किस चीज से वह डरते हैं और किस तरह से वह अपने को देखते हैं.

सभी चीजें बदल रही हैं: और तुम खुद सतत बिखराव और निरंतर विखंडन की तरफ हो, और सारा ब्रह्मांड भी.

यह तुम्हारा कर्तव्य है की तुम दूसरे आदमी के गलत कृत्य को वहीं छोड़ दो जहाँ पर वह है.

किसी गतिविधि को बंद करना, आंदोलन और राय को रोकना, और एक तरह से अपनी मृत्यु को, कोई बुराई नहीं है. अब अपने विचारों को अपने जीवन की तरफ ध्यान से लगाओ, तुम्हारा जीवन बच्चे की तरह से, युवक की तरह से, पुरुष होने पर, वृद्ध होने पर, इन सभी बदलावों का अंत हुआ. क्या कोई चीज तब डरने की है? अपने विचार को अब घुमाओ जीवन दादा के आश्रय में, फिर माता के आश्रय में, फिर पिता के आश्रय में; और तब तुम खुद से अनेक अंतर और बदलाव और अंत को खोज सकोगे, अपने से पूछो, क्या कोई चीज तब डरने की है? इसी तरह से, तब, न

www.PDFshala.com

तो रोकना और बंद करना या बदलाव क्या तुम्हारे पूरे जीवन को डरने की चीज है.

झिझकते हो अपने खुद के और ब्रह्मांड के और पड़ोसी पर शासन करने वाली ताकत के परीक्षण से: तब तुम्हारा खुद इसे न्याय संगत बनाएगा: और वह जो ब्रह्मांड का है, वह याद दिलाएगा जिसका तुम हिस्सा हो; और वह जो पड़ोसी का है, तब तुम यह जानो कि उसने यह अनजाने में या जान बुझ कर किया है, और तुम इस पर विचार करो उसपर शासन करने वाली ताकत उससे जुड़ी हुई है.

तुम्हारा व्यवहार सामाजिक व्यवस्था का अवयव है, इस लिए तुम्हारा हर कृत्य सामाजिक जीवन का एक अवयव हो. जो भी कृत्य तुम करते हो वह सामाजिकता के तत्काल या दूरगामी अंत का संदर्भ न हो, जिसके आंसू जीवन भर कोसें, और ऐसा करने की अनुमति भी न दो, और यह विद्रोह की प्रकृति है, जब आदमियों की भीड़ में आदमी अपने को आम सहमति से अलग करने की कोशिश करता है.

छोटे बच्चों के झगड़े और उनके खेल, और मृत शरीर के आगे रोना, क्या सभी कुछ है; और क्या यह उत्तेजना हमारी आंखों को स्पष्ट देखने देती है.

किसी वस्तु की विशेषताओं को देखो, और उसे उसके पदार्थ वाले हिस्से से अलग कर दो, और फिर उस पर मनन करो; तब उस समय को जानने की कोशिश करो कब तक यह चीज उस स्वभाव की स्वीकार करने योग्य बनी रहेगी.

तुम अनंत परेशानियों को पाते हो यदि तुम शासन करने वाली ताकतों से संतुष्ट नहीं हो, जब वह चीजें करती है जिसे प्रकृति में उसे करने के लिए तैयार किया है. बल्कि इससे ज्यादा.

जब कोई दूसरा तुम्हें दोष देता है या घृणा करता है, या जब कोई आदमी तुम्हारे लिए कुछ गलत कहता है, तब उसकी आत्मा को जानने का प्रयास करें, उसके अंदर झांकें, और देखें किस तरह का आदमी वह है. तब तुम खोज पाओगे की इसका कोई कारण नहीं है की परेशान हुआ जाए कि वह आदमी ऐसा है या उसकी इसके बारे में यह राय है. बल्कि तुम्हें उससे सही व्यवहार करना चाहिए, क्योंकि स्वभाव से वह मित्र हैं. और देवता उनकी हर तरह से मदद करते हैं, सपनों से, संकेतों से, उन चीजों के पाने से जिसके लिए उन्होंने लक्ष्य निर्धारित किया है.

ब्रह्मांड की आवर्ती गति पीढ़ियों से एक जैसी है. और या तो ब्रह्मांड की प्रज्ञा खुद से अपने को हर प्रभाव के लिए गतिमान करती है, और यदि ऐसा है, तब अपने को उससे सहमत करो जो कि इस गतिविधि का परिणाम है; या एक बार गतिमान होती है, और चीजें उसके परिणाम स्वरूप श्रृंखला बद्ध होकर होती हैं; या प्रत्येक तत्व सभी चीजों श्रोत है. दूसरे शब्दों में, यदि वहां ईश्वर है, सभी कुछ अच्छा है; और यदि अवसर शासन करता है, तब तुम भी उससे शासन क्यों नहीं करते हो.

www.PDFshala.com

जल्द ही धरती हम सभी को ढक लेगी: और फिर धरती खुद भी, बदल जाएगी, और चीजें जो बदलाव के परिणाम स्वरूप बनी थी वह भी हमेशा बदलती रहेंगी. यदि आदमी बदलाव और रूपांतरण का चिंतन करता है जो कि एक लहर के बाद दूसरी लहर की तरह से आते रहते हैं, वह हर उस चीज से घृणा करता है जो कि नश्वर है.

ब्रह्मांड के कारण शीतकाल के तूफान की तरह से हैं: वह अपने साथ सभी कुछ लेकर चला जाता है. परंतु यह गरीब लोग कितने व्यर्थ के हैं जो पदार्थों की राजनीति में व्यस्त रहते हैं, और सोचते हैं की वह दार्शनिकों का व्यवहार कर रहे हैं, सभी मूर्ख. बहुत अच्छा, आदमी वह करे जो प्रकृति चाहती है. अपने को गतिमान रखें, यदि यह आपके अधिकार में हो, और उनकी तरफ न देखें की कोई उनको निहार रहा है: और न ही प्लेटों की कृति दी रिपब्लिक से कुछ अपेक्षा करें: बल्कि संतुष्ट रहें यदि थोड़ा सा भी कुछ अच्छा हो, और उसका कम आकलन न करें. वह जो आदमी की राय को बदल सकता है? और बिना राय को बदले क्या वहां है आदमी की गुलामी के अतिरिक्त जिनकी आज्ञा का पालन करने को तुम तैयार हो? अभी आओ और मुझे सिकंदर और प्लेरम के फिलिप और डेमेट्रस के बारे में बताओ. वह खुद से परख सकते हैं की क्या उन्होंने खोजा की क्या आम प्रकृति चाहती है, और अपने को उसके अनुसार तैयार किया. परंतु यदि उन्होंने दुखांत नायक की तरह से व्यवहार किया होता, कोई मेरा खंडन नहीं करता उनको बताने के लिए. सहजता और नम्रता दार्शनिक का काम है. मुझे गर्व और आलस से दूर रखो.

ऊपर से अनंत लोगों की भीड़ को देखें और उनकी अनंत धार्मिक गतिविधियों को, और अनंत समुद्री यात्रियों को तूफान में और स्थिरता में, और उनमें अंतर को जो पैदा हुए हैं, जो साथ-साथ रहते हैं, और मरते हैं. और विचार करो, इसपर भी, जीवन जो दूसरों के द्वारा वृद्धावस्था में जीया गया, और उनका जीवन भी जो इसके बाद भी जीए, और उनका जीवन भी जो जंगलियों के बीच रहे, और अनेक जो अपना नाम भी नहीं जानते, और अनेक उसे जल्दी ही भूल जाएंगे, और कैसे जिनकी अभी स्तुति होती है जल्दी ही उनको आरोपित किया जाएगा, और न ही मृत्यु के बाद के नाम की कोई कीमत है, और न ही प्रतिष्ठा, और न ही किसी अन्य चीज की.

उस घबराहट से आजादी हो जो कि किसी बाहरी कारण के परिणामस्वरूप चीजों से आती है; और उन चीजों के लिए न्याय हो जो आंतरिक कारणों के सदगुण से होती है, यह कि, गतिविधि और कृत्य उससे जुड़े हों, वह प्रकृति के अनुसार हो.

तुम उस सभी बेकार की चीजों को रास्ते से हटा दो जो कि तुम्हें परेशान करती हैं, क्योंकि यह पूरी तरह से तुम्हारी राय पर निर्भर करती हैं; और इस तरह से खुद के लिए काफी सारी खाली जगह को पा सकोगे, ब्रह्मांड को अपनी बुद्धि में समाहित करके, और समय की नित्यता पर विचार करके, और तेजी से हो रहे बदलावों का हर चीज में अवलोकन करके, कितना कम समय है जन्म से मृत्यु तक का, और अनंत समय जन्म से पहले का और मृत्यु के बाद का असीमित समय.

www.PDFshala.com

वह जो कुछ भी दिखता है, शीघ्र नष्ट हो जाएगा, और वह जो दर्शक थे इस विघटन के वह भी शीघ्र नष्ट हो जाएंगे. और वह जो अत्यंत वृद्ध अवस्था में मरते है उन्हें भी वहीं लेकर जाया जाएगा जहाँ उन्हें लेकर जाते हैं जो समय से पहले मरते हैं.

क्या आदमी के अग्रणी सिद्धांत हैं, और किस तरह की चीजों को लेकर वह व्यस्त हैं, किस तरह के कारणों से वह प्यार करते हैं और सम्मान पाते हैं? कल्पना करो की वह अपनी गरीब आत्मा को नंगा देखें. जब वह सोचें की वे नुकसान करें अपने दोषारोपण से या अच्छा अपनी स्तुति से, क्या विचार है!

नुकसान बदलाव के अतिरिक्त कुछ भी नहीं. बल्कि ब्रह्मांड की प्रकृति बदलाव के साथ संतुष्ट होती है, और उसका अनुसरण करते हुए अभी भी सभी चीजें सही करती हैं, और अनंत काल से वह इसी तरह से करती आ रही हैं, और वह आगे भी बिना किसी अंत के ऐसा करती रहेंगी. तब, तुम, क्या कहोगे? सभी चीजें हैं और सभी चीजें बुरी होगी, और इन सभी देवताओं में कोई ताकत नहीं की वह इन चीजों को सुधार सकें, परंतु संसार ने निंदा की है कभी भी बुराई का साथ न देने के लिए?

पदार्थ का जीर्ण होना सभी चीजों का आधार है! पानी, धूल, हड्डी, गंदगी: और फिर संगमरमर पत्थर, धरती की गहराई में; और सोना और चाँदी, तल छट; और वस्त्र, केवल रेशे के टुकड़े; और बैंगनी रंग, खून; और सभी कुछ उसी तरह का. और वह भी जो प्रकृति में सांस लेते हैं उसी तरह से हैं, एक से दूसरे में बदलते हुए.

बहुत हो चुका इस चालबाज जीवन और उठा पटक और अस्थिर चालों से. यह इतनी परेशान क्यों करती है? इसमें क्या नया है? क्या उसे अस्थिर करती हैं? क्या यह किसी चीज का आकार है? इसकी तरफ देखें. या क्या यह पदार्थ है? इसकी तरफ देखें. बल्कि इनके परे कुछ भी नहीं है. देवताओं की तरफ झुकते हुए, तब, सहज और बेहतर बनो. वह उसी तरह बनी रहेंगी यदि हम उनका परीक्षण अभी करें या सैकड़ों सालों के बाद.

यदि कोई आदमी गलत करता है तब नुकसान खुद का होता है. परंतु शायद उसने गलत नहीं किया हो.

चाहे सभी चीजें एक बुद्धिमान स्रोत से आगे बढ़ें और एक शरीर का आकार लें, और कोई हिस्सा उसमें बुराई न देखें जो सभी के हितों को देखते हुए किया गया है; या वहां केवल अणु हों, और कुछ भी नहीं केवल मिश्रण और फैलाव के सिवाय. तब फिर क्यों तुम परेशान हो? अपने पर शासन करने वाली ताकत से कहो, तुम मारी जाओगी, तुम भ्रष्ट हो चुकी हो, तुम चालबाजी चल रही हो, तुम जानवर बन रही हो, तुम भीड़ के साथ रहकर उसकी तरह से बनना चाहती हो?

या तो देवताओं के पास ताकत नहीं है या उसके पास ताकत है. यदि, उनके पास ताकत नहीं है,

www.PDFshala.com

तब, तुम उनकी क्यों पूजा कर रहे हो? यदि उनके पास ताकत है, तो तुम उनसे यह प्रार्थना क्यों नहीं करते हो की वह आपको किसी भी चीज के भय से मुक्त करें जो तुम्हें भयभीत करती है, या उस किसी भी चीज की चाहना न होना जिसकी तुम चाहना करते हो, या किसी भी चीज के रंग में न रंग जाना, बल्कि प्रार्थना करें इनमें से कोई चीज हो या न हो? निश्चित ही वह आदमी के साथ इन चीजों को लेकर सहयोग कर सकें. जिससे की तुम कह सको कि देवताओं ने तुम्हें अपनी ताकत के साथ भेजा है. बहुत अच्छा, तब, क्या यह बेहतर नहीं है की उसका उपयोग करें जो कि स्वतंत्र व्यक्ति के अधिकार में है न कि गुलाम बनकर चाहना की पूर्ति और अधर्म करना जो अधिकार में नहीं हैं? और जो यह कहते हैं की देवता हमारी उसमें भी मदद नहीं करते हैं जो हमारे अधिकार में है? तब, ऐसी चीजों के लिए प्रार्थना करें और तुम देखोगे. एक प्रार्थना करता है: कैसे मैं उस औरत के साथ सो सकता हूं? दूसरा प्रार्थना करता है: कैसे मैं उससे झूठ न बोलने की चाहना करूं? अन्य प्रार्थना करता है: कैसे मैं उससे अपने को आजाद करूं? अन्य प्रार्थना करता है: कैसे मैं अपने पुत्र को न खोऊं? इसी तरह से: कैसे मैं उसे खोने से डरूँ नहीं? बहुत अच्छा, उनकी प्रार्थनाओं को इस तरफ करो, और देखो क्या परिणाम आता है.

ऐपाक्युरस कहते हैं, अपनी बीमारी में मेरी मंत्रणा मेरे शरीर की पीड़ा को लेकर नहीं होती है, और न ही, वह कहते हैं, उनके विषय में जो मेरे पास आते हैं: बल्कि मैं चीजों पर चर्चा पहले की तरह से करता हूँ, इस मुख्य बिंदु को ध्यान में रखकर, कैसे दिमाग, ऐसे पलों में जब शरीर कष्ट में हो, वह गड़बड़ियों से बचा रहे और बेहतर संतुलन को बनाए रखे. और न ही मैं, वह कहते हैं, की मैं चिकित्सक को गंभीरता दिखाने का अवसर देता हूँ, जैसे कि वह कुछ महान कर रहे हों, बल्कि मेरा जीवन खुशी से और अच्छा चलता रहे. तब उसी तरह से करो जैसा वह बीमार होने पर करते हैं, जब भी तुम बीमार हो या किसी भी परिस्थिति में; कभी भी किसी भी परिस्थिति में दर्शन से विचलित न हो, और न ही चुभने वाली बातों को बनाए रखो या वह जो अपरिचित हो स्वभाव से, सभी दर्शन के विद्यालयों का सिद्धांत है; बल्कि केवल उस पर जोर दो जो तुम अभी कर रहे हो और उस औजार पर जिससे तुम उसे करते हो.

जब तुम किसी आदमी के शर्मिंदा करने वाले व्यवहार से चोट खाते हो, तत्काल खुद से पूछो, क्या यह संभव है, की यह बेशर्म आदमी इस संसार में नहीं होता? यह संभव नहीं है. तब उसके बारे में न चाहो जो संभव नहीं है. उस बेशर्म आदमी के साथ ही वह बेशर्म आदमी भी होंगे जो संसार की जरूरत होंगे. यही विचार धूर्त, और विश्वासघाती आदमी, और हर उस आदमी के लिए होना चाहिए जो किसी भी तरह से गलत करता है. क्योंकि उसी समय तुम्हें खुद को यह याद दिलाना चाहिए की यह असंभव है की इस तरह के आदमी अस्तित्व में न हों, तब तुम विनम्रता से व्यक्तिगत रुप से प्रत्येक के लिए आदी हो जाओगे. इसे बनाए रखना उपयोगी भी है, तत्काल जब ऐसा अवसर आए, भला स्वभाव आदमी का हर गलत कृत्य की निंदा करें. क्योंकि उसने बेवकूफ आदमी से बचाव के लिए कोमलता को प्रतिरोधक के रुप में लिया है और दूसरी तरह के आदमी के लिए दूसरी ताकत को. दूसरे मसलों में यह तुम्हारे लिए संभव है की तुम आदमी को अपनी शिक्षा से सुधार सको जो गुमराह है; हर आदमी जो लक्ष्य से भटक चुका है और गुमराह है. इसकी तुलना में की तुम्हें चोट पहुंची है? तुम यह पाओगे की कोई इसके अतिरिक्त तुम्हें क्या

www.PDFshala.com

नुकसान कर सकता हैं? तुम खुद पाते हो उनमें से कोई भी नहीं जिनसे तुम खुद चिढ़ रहे हो ने कुछ किया है जिससे तुम्हारा दिमाग परेशान है; परंतु जो उसमें बुराई है और नुकसानदायक है उसका आधार केवल मन में है. और क्या नुकसान किया गया या क्या वहां अनजाना हैं, जब आदमी जिसने कुछ सीखा नहीं है वह बिना सीखे हुए आदमी के कृत्यों को करता हैं? ध्यान दें की तुम खुद को दोष नहीं दोगे, क्योंकि तुमने कभी यह नहीं सोचा था की वह आदमी इस तरह से गलती करेगा. तुम्हारे लिए इसका मतलब था की किसी कारण यह सोचना की यह संभव है की वह यह गलती करेगा, और तुम भूल गए और अब आश्चर्य करते हो की उसने गलती की. उससे ज्यादा जब तुम आदमी को बेवफा या कृतघ्न होने का दोष देते हो, खुद की तरफ देखो. क्योंकि यह गलती खुद से हुई है, चाहे तो तुमने उस आदमी पर विश्वास किया जिसका ऐसा स्वभाव है वह अपने वादे को बनाए रखेगा, या जब तुम उसकी बातों पर विश्वास कर रहे थे तब तुमने उसे पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं किया, और न ही इस तरह से उसका इसे करके पूरा फायदा उठाया.

क्या तुम चाहते हो जब तुम आदमी की सेवा करते हो? तुमने कुछ ऐसा नहीं कर है जो तुम्हारे स्वभाव के अनुकूल न हो, और जिसके लिए तुम भुगतान चाहते हो? उसी तरह से जैसे आँख देखे के लिए भुगतान चाहे, या पैर चलने के लिए. क्योंकि यह सभी किसी विशेष उद्देश्य के लिए बने हैं, और अपने स्वभाव के अनुसार वह करते हैं जो उनके पास खुद करने को होता है; उसी तरह से आदमी भला करने के लिए बना है, जब वह कुछ भला करता है, या दूसरी तरह से आम हित में सहमत होता है, वह अपने स्वभाव के अनुकूल होता है, और वह पाता है जो उसका होता है.

www.PDFshala.com

अध्याय- 10

तब तुम, मेरे मन, कभी भी अच्छे और सरल और एक और नग्न, उस शरीर से ज्यादा प्रत्यक्ष न हो जो तुम्हें घेरे रहता है? उसके साथ तुम स्नेही और संतुष्ट स्वभाव का आनंद नहीं लोगे? उसके साथ कभी भी तुम भरे हुए नहीं होगे और कभी भी किसी चीज की इच्छा नहीं, ज्यादा चाहत नहीं, चाहे चेतन या अचेतन, आनंद की अनुभूति के लिए? और न ज्यादा चाहना की तुम्हारे पास लंबा मनोरंजन, या बेहतर स्थान, या आनंददायक मौसम, या लोगों का साथ हो जिनके साथ तुम समभाव से रह सको? बल्कि तुम वर्तमान स्थिति से संतुष्ट हो, और संतुष्ट हो उस सबसे जो होने जा रहा है, और तुम खुद को मनाओगे की तुम्हारे पास सब कुछ है और यह देवताओं के पास से आ रहा है, सभी कुछ तुम्हारे लिए अच्छा है, और उनके लिए भी अच्छा है जो कुछ भी उन्हें संतुष्ट करता है, और जो कुछ भी वह निर्दोष जीवित प्राणियों के संरक्षण के लिए देते हैं, अच्छा और न्यायोचित और सुंदर, जो सृजन करता है और बनाए रखता है सभी चीजों को, और गले लगाता है सभी चीजों को जो भंग होती है सृजन करने के लिए अन्य वैसी चीजों के लिए? तुम कभी भी उस तरह के न हो जो देवताओं और आदमी के साथ रह कर भी उनमें दोष देखते हों, और न ही उनके द्वारा निंदा के पात्र बनते हों?

अवलोकन करो क्या प्रकृति को जरूरत है, जब तक तुम प्रकृति द्वारा शासित हो: तब इसे करो और स्वीकार करो, यदि तुम्हारी प्रकृति है, जब तक तुम इसके साथ सही तरह से रह रहे हो, उसके साथ खराब न हो.

और फिर अवलोकन करो क्या तुम्हारी प्रकृति चाहती है जिससे तुम बेहतर तरह से रह सको. और इसकी अपने को अनुमति दो, यदि यह तुम्हारी प्रकृति है, जब तक तुम तार्किक प्राणी हो, उससे खराब न बनो. बल्कि तार्किक प्राणी परिणाम स्वरूप राजनीतिक (सामाजिक) प्राणी भी है. इन नियमों का पालन करें, तब, और किसी चीज को लेकर परेशान नहीं हों.

सभी कुछ जो होता है वह या तो इतनी समझदारी से होता है की तुम्हारी प्रकृति उसे वहन कर सके. यदि, तब, यह तुम्हारे साथ होता है की तुम उसे वहन कर सकते हो तो शिकायत न करें, बल्कि उसे वहन करो उस प्रकृति से जो वहन कर सकती है. बल्कि यदि यह इस समझदारी से होता है की तुम्हारी उसे वहन नहीं कर सके, शिकायत न करो, वह नष्ट हो जाएगी जब वह तुम्हें खपा लेगी. याद रखें, फिर भी, तुमको प्रकृति द्वारा इस तरह का बनाया गया है की तुम सभी कुछ सहन कर सको, इस संदर्भ के साथ की यह निर्भर करता है तुम्हारी राय पर की उसे तुम सराहनीय और सहन करने योग्य बनो, यह सोचते हुए यह तुम्हारे हित में है या तुम्हारा कर्तव्य है

www.PDFshala.com

की तुम उसे करो.

यदि आदमी गलती करता है, उसे विनम्रता से समझाओ और उसकी गलती को बताओ. परंतु यदि वह इस काबिल नहीं है, उसे दोष दो या उसे दोष न दो.

जो कुछ भी तुम्हारे साथ होता है, यह तुम्हारे लिए नित्य था; और कारण के होने का आशय नियति के तारों द्वार तारों को खींचना है, और जो कुछ उससे जुड़ा है.

चाहे तो प्रकृति अणुओं से बनी हो, या प्रकृति कोई तंत्र हो, इसे पहले स्थापित कर लें की मैं इस संपूर्ण का हिस्सा हूं, जो कि प्रकृति से शासित होता है. आगे, मैं उन हिस्सों से संबंधित हूं जो मेरे जैसे हैं. इसे याद रखने के लिए, कि मैं इसका हिस्सा हूं, मैं किसी भी चीज से असहमत नहीं हूं जो कि मुझे संपूर्ण में से सौंपी गई हैं; क्योंकि कुछ भी हानिकारक नहीं है मेरे लिए, यदि वह सभी के हित में है.

संपूर्ण चीजों में कुछ भी ऐसा नहीं है जो उनके हित में न हो; और सभी प्रकृति में निश्चित ही यह समान सिद्धांत होता है, ब्रह्मांड की प्रकृति में इसके अतिरिक्त यह भी है की वह बाहरी कारणों से भी विवश नहीं होती है खुद से कुछ भी हानिकारक करने के लिए. यह याद रखते हुए तब की मैं संपूर्ण का हिस्सा हूं, मैं उस सभी से सहमत हूं जो होता है. और जितना ज्यादा मैं जुड़ा हुआ हूं उस हिस्से से जो मेरे समान है, मैं कुछ भी असामाजिक नहीं करूंगा, बल्कि मैं अपने को निर्देशित करूंगा उन चीजों की तरफ जो मेरे समान हैं, और मैं अपने प्रयासों को समान हितों की तरफ मोड़ दूंगा और उन्हें विवादों से दूर कर लूंगा. अब यदि यह चीजें ऐसी की जा सकती हैं, जीवन खुशी से बीतेगा, जो कि निरंतर उन कामों को करता रहेगा जो कि साथी- नागरिकों के हित में हैं, और उससे सहमत है जो भी राज्य उन्हें जिम्मेदारी देता है.

संपूर्ण के हिस्से, सभी चीजें, मेरा मतलब, जो कि स्वाभाविक रूप से ब्रह्मांड में समाहित हैं, वह निश्चित रुप से नष्ट होंगे; परंतु इसे इस मतलब से समझ लेना चाहिए, की वह बदलाव से गुजरेंगे. परंतु यदि वह स्वाभाविक रूप से बुरे और आवश्यक हिस्से हैं, तब संपूर्ण निश्चित ही अच्छी स्थिति में अस्तित्व में नहीं रहेगा, हिस्सों का बदलना जरूरी है और उस तरह से तैयार होना की वह बदल सकें भिन्न तरीकों से. क्योंकि हो सकता है की प्रकृति खुद से उन चीजों का बुरा करने के लिए तैयार की गई हो जो खुद उसका हिस्सा हैं या परिणाम बिना उसकी जानकारी के हों? दोनों अनुमान निश्चित ही कल्पना से परे हैं. परंतु यदि शब्द प्रकृति (प्रभावी ताकत के रुप में) छोड़ दे, और इन चीजों को स्वाभाविक जानकर बोले, तब भी यह स्वीकार करने को हास्यास्पद ही है एक ही समय में संपूर्ण के हिस्से बदलाव के स्वाभाविक विषय हैं, और उसी समय हैरान या बेचैन है जैसे कुछ चीज स्वभाव के विपरीत हो रही है, विशेष रूप से चीजों का विघटन उन चीजों में है जिनसे प्रत्येक चीज बनी है. क्योंकि वहां या तो तत्वों का फैलाव है उस चीजों से जिनसे सभी चीजें बनी हैं या एक का दूसरे में बदलाव है, जिससे की इस हिस्सों को वापस लिया जा सके ब्रह्मांड के कारणों से, चाहे वह निश्चित समय के बाद आग में खप जाएं या सनातन बदलाव से नए तैयार हो. और यह कल्पना न करें की ठोस और क्षुद्र हिस्से यहां पीढ़ियों से हैं. बल्कि वह जो

www.PDFshala.com

अस्तित्व में हैं वह केवल कल या कल से पहले के हैं, जैसा कोई कहता है, उस भोजन और हवा से जो कि प्रेरित थी. यह, तब, जिसने अभिवृद्धि को ग्रहण किया है, बदलता है, वह नहीं जिसे मां आगे लेकर आती है. बल्कि कल्पना करो की वह जो मां लेकर आती है, वह उसका हिस्सा है, जिसमें बदलने की अजीब विशेषता है.

जब तुमने इन नामों को ग्रहण कर लिया है, अच्छा, सरल, सच्चा, तार्किक, धैर्य धारण करने वाला, और उदार, इस बात में सावधान रहो की तुम इन नामों को बदलोगे नहीं; और यदि तुम इनको खो देते हो, शीघ्र ही इन पर वापस लोटकर आओ. और याद रहे शब्द उस चीज के प्रति भेदभाव पर ध्यान देना और लापरवाही से आजादी तर्कसंगत दर्शाता है; और यह कि धैर्य स्वैच्छिक रूप से चीजों को स्वीकार करना है जो कि तुम को प्रकृति द्वारा नियत की गई हैं; और उदारता, आनंद और दर्द देने वाली संवेदनाओं से ऊपर उठने के लिए अपनी बुद्धि को विकसित करती है, और उससे ऊपर वह चीजें जिन्हें प्रसिद्धि, और मृत्यु और ऐसा ही कुछ कहा जाता है. फिर यदि तुम अपने को बनाए रखते हो इस नामों का अधिकारी, बिना इच्छा के दूसरे तुम्हें इस नाम से बुलाएं, तब तुम दूसरे आदमी बन जाओगे और दूसरे जीवन में प्रवेश कर जाओगे. उसी तरह से बने रहना जैसे अब तक हो, और टुकड़ों में बट जाना और इस जीवन में भ्रष्ट बनना, बहुत ही मूर्ख व्यक्ति का चरित्र है उसकी तरह से जिसे जंगली जानवर ने काट लिया, अब जिसने अपने घावों को ढक लिया है, और उस दिन को बनाए रखाना चाहता है जब की कुछ घाव खुल जाते हैं. इस लिए खुद को इन कुछ नामों के कब्जे में ही रखते हैं: और यदि खुद को इसके लिए स्वीकार करते हैं, स्वीकार करें की उन्होंने खुश रहने के कुछ मौकों को खो दिया है. बल्कि वह समझते हैं की क्या उनसे बाहर आ रहा है और उसे बनाए नहीं रखते हैं जो उनका अपना है, निडर होकर किसी कठिनाई में डालते हैं जहां वह अपने को स्थापित कर सकें, भावावेश से नहीं, बल्कि सहजता और स्वतंत्रता और नम्रता से, ऐसी स्तुति करने वाली चीज को कम से कम अपने जीवन में करके, वह इससे विचरण कर जाते हैं. इस क्रम में, तथापि, इन नामों को याद रखने में, यह तुमको बहुत मदद देगा, यदि तुम देवताओं को याद रखते हो, और यदि वह चापलूसी नहीं चाहते हैं, बल्कि चाहते हैं की सभी उचित चीजें उनकी तरह से बनें; और यदि तुम याद रखते हो की जो अंजीर के पेड़ का काम करता है वह अंजीर का पेड़ है, और वह जो कुत्ते का काम करता है वह कुत्ता है, और जो मधुमक्खी का काम करता है वह मधुमक्खी है, और जो आदमी का काम करता है वह आदमी है.

युद्ध, आश्चर्य चकित करने वाली घटनाएं, सुस्ती, गुलामी रोज तुम्हारे पवित्र सिद्धांतों को धो डालने की कोशिश करती है. कितनी चीजों की बिना प्रकृति को जाने तुम कल्पना कर सकते हो, और कितनी चीजों को तुम अनदेखा कर सकते हो? बल्कि यह तुम्हारा कर्तव्य है की तुम देखो और करो हर चीज को, उसी समय परिस्थितियों के अनुसार काम को करने की प्राथमिकता दो, और विचार करो, और जो आत्मविश्वास अभ्यास से आता है अनेक चीजों को करने से उसे बनाए रखा जाए बिना उसे दिखाए, परंतु उसे दबाते हुए नहीं. फिर तब जब तुम सहजता को अपनाते हो, जब गहराई और जब ज्ञान अनेक चीजों का, दोनों क्या पदार्थ में है, क्या उसका स्थान ब्रह्मांड में है, और कितने समय तक यह अस्तित्व में रहेगा और किन चीजों से यह मिलकर

www.PDFshala.com

बना है, और किसको यह प्राप्त होगा, और कौन इसे देने और लेने के काबिल है?

मकड़ी गर्व करती है जब वह मक्खी को पकड़ लेती है, और दूसरा जब गरीब खरगोश को, और अन्य जब छोटी मछली को जाल में पकड़ लेता है, और अन्य जो जंगली सुअर को, और अन्य जो सरमेशन को पकड़ लेते हैं. क्या यह चोर नहीं है, यदि है तब इनके दृष्टिकोण का परीक्षण करो?

एक विचार शील तरीका अपनाएं कैसे एक चीज दूसरी चीज में बदलती रहती है, और निरंतर इसके लिए प्रयास करती रहती है, और खुद से दर्शन के इस हिस्से का अभ्यास करो. इससे ज्यादा कोई भी चीज स्वीकार करने पर उदारता नहीं दे सकती है. ऐसा आदमी शरीर को आगे रख कर देखता है कैसे वह नहीं जानता कितनी जल्दी वह आदमी नहीं रहेगा और सभी कुछ यहीं पर छोड़ देगा, वह अपना सभी कुछ अपने कर्म को समर्पित कर देता है, और जो कुछ भी होता है उसे वह ब्रह्मांड की प्रकृति से पाया हुआ स्वीकार करता है. परंतु जैसाकि कोई आदमी कहता है या सोचता है उसके बारे में या उसके खिलाफ करता है, वह उसके बारे में नहीं सोचता है, और अपने को दो चीजों पर केंद्रित करता है, वह जो कर्म करता है उन्हें सही तरह से करना और जो कुछ भी प्राप्त होता है उससे संतुष्ट रहना; और वह सभी परेशान करने वाली और व्यस्त रखने वाली चीजों एक तरफ रख देता है और इससे ज्यादा की चाहना नहीं करता है जिसे वह नियमानुसार पा सके, और उस सीधे रास्ते पर लेकर चलता है जो उसे ईश्वर के पास लेकर जाता है.

क्या संदिग्ध डर की जरूरत है, क्योंकि यह तुम्हारे अधिकार में है की तुम पूछताछ करो की क्या किया जाना चाहिए? और यदि तुम स्पष्ट देखते हो, उस रास्ते पर चलते चलो बिना मुड़े: परंतु यदि तुम स्पष्ट नहीं देख सको, रुको और सबसे अच्छी राय को लो. बल्कि यदि कोई अन्य चीज विरोध करती है, तो पूरी तरह से विचार करते हुए, उसे बनाए रखते हुए जो सही दिखता है आगे बढ़ें. क्योंकि यह उचित है की इस लक्ष्य पर पहुंचें, और यदि तुम असफल होते हो, तो असफल हो उसका प्रयास करके. वह जो सभी चीजों में कारण को खोजते हैं वह शांत, और सक्रिय एक ही समय में होते हैं, और उल्लसित और उत्तेजना रहित.

जैसे ही आप निंद से उठो, अपने से पूछें क्या इसको करने से आपमें कोई फर्क दिखेगा, यदि दूसरा करता है वह उचित और सही है. तो उसको करने से कोई फर्क नहीं है.

तुम्हें यह नहीं भूलना चाहिए, मैं मानता हूं, की जो मान लेते हैं की अभिमानी बातें उनकी स्तुति करा सकती हैं या दूसरों पर दोषारोपण कर सकती हैं, क्या वह वैसे हैं जब वह बिस्तर पर या दरबार में होते हैं, और तुम्हें यह नहीं भूलना चाहिए क्या वह करते हैं, और किससे वह बचते हैं और किसकी वह स्तुति करते हैं, और कैसे वह चोरी करते हैं, और कैसे वह लूटते हैं, हाथ और पैर से नहीं, बल्कि अपने सबसे कीमती हिस्से से, जिसके कारण से उन्हें उत्पन्न किया गया है, जब आदमी चयन करता है, सत्यनिष्ठा, शील, सत्य, न्याय, अच्छा प्रेत (खुशियां)?

www.PDFshala.com

वह जो प्रकृति से सभी कुछ लेता है और उसे वापस करता है, आदमी जो निर्देशित और विनम्र है कहता है, उसे दो जो तुम्हारे पास है; उसे वापस लो जो नहीं है. और इसे वह गर्व से नहीं कहता है, बल्कि विनम्रता से कहता है.

वह थोड़ा ही है जो कि जीवन में बना रहता है. रहें जैसे पहाड़ पर रहना हो. इससे कोई फर्क नहीं पड़ाता की आप यहाँ या वहाँ रहें, यदि आप रह सकते हो कहीं भी दुनिया में जैसेकि राजनीतिक समाज में. आदमी को देखने दो, उसे जानने दो वास्तविक व्यक्ति को जो प्रकृति के अनुकूल रहता है. यदि वह इसे स्वीकार नहीं कर सकता है, उसे अपने को मार देने दो. क्योंकि यह जीने से अच्छा है जैसा आदमी करता है.

ज्यादा बात न करो किस तरह का अच्छा आदमी होना चाहिए, वैसे बनो.

हर समय और सभी पदार्थों में निरंतर मनन करते रहो, और विचार करते रहो की पृथक चीजें पदार्थ के लिए अंजीर के दाने के जैसे हैं, उसी तरह से समय के लिए, दृश्य का बदलना.

हर उस चीज की तरफ देखो जिसका अस्तित्व है, और निहारो जो पहले से विघटन और बदलाव में है, और क्या वह नष्ट हो रही हैं या फैल रही हैं, या हर चीज इस तरह गठित की गई है जैसेकि उसे मरना है.

विचार करें आदमी क्या है जब वह खाता है, सोता है, पैदा करता है, खुद से सहज है और इसी तरह. और फिर किस तरह का आदमी है जब वह दंभी और घमंडी, या गुस्से में और डांट रहा हो अपनी नियुक्त के स्थान से. थोड़े समय पहले कितनों के यह गुलाम थे और किस चीज के लिए; और कुछ देर के बाद विचार करें की किस अवस्था में वह हैं.

हर वह चीज अच्छी है जो प्रकृति हमारे लिए लेकर आती है. और यह समय के लिए भी अच्छा है जब प्रकृति उसे लेकर आती है.

धरती को बरसात से प्यार है; और प्रेमी को प्यार से: ब्रह्मांड को उसे बनाने में प्यार है जिसके लिए वह है. तब मैं ब्रह्मांड से कहता हूं, उतना प्यार करो जितना तुम कर सकते हो. और यह नहीं कहना चाहिए, की प्यार को पैदा किया जाए?

चाहे तो तुम यहां रहो और तुमने खुद को यहां के अनुसार ढाल लिया हो, या तुम जा रहे हो, और यह तुम्हारी खुद की इच्छा है; या तुम मर रहे हो या अपने कर्तव्यों को निभा रहे हो. परंतु इसके परे कुछ भी नहीं है. तब तुम खुश होकर रहो.

